दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



अली फजल की नई वेब सिरीज........ | खुद कहानियां बनाने का .....

वर्ष : 11 | अंक : 241 | लखनऊ, 21 अगस्त, गुरूवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# जलालाबाद नहीं, अब परशुरामपुरी कहिए...

## उत्तर प्रदेश के शाहजहाँपुर जिले में बदला शहर का नाम, केंद्र ने लगाई मुहर

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, उत्तर प्रदेश के शाहजहाँपुर ज़िले के जलालाबाद का नाम बदलने को लेकर गृह मंत्रालय ने मंजूरी दे दी है। जानकारी के अनुसार, जलालाबाद का नाम अब बदलकर परशुरामपुरी कर दिया गया है। गृह मंत्रालय ने राज्य के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर इस आशय की जानकारी दी है। मंत्रालय की ओर से उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव को मिले पत्र में कहा गया है कि भारत सरकार को शहर जलालाबाद का नाम बदलकर परशुरामपुरी करने पर कोई आपत्ति नहीं है।

शाहजहाँपुर जिले के जलालाबाद का नाम बदलकर परशुरामपुरी करने की गृह मंत्रालय की मंजूरी के बाद, केंद्रीय मंत्री और पीलीभीत के सांसद जितिन प्रसाद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट के जरिए आभार व्यक्त किया। प्रसाद ने नाम परिवर्तन की अनुमति देने के लिए गृह मंत्री अमित शाह का धन्यवाद किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की हार्दिक सराहना की। सनातनी समाज के लिए इसे गौरव का क्षण बताते हुए, प्रसाद ने कहा कि इस निर्णय से भगवान परशुराम के भक्तों को सम्मान और आनंद की अनुभूति हुई है। उन्होंने आगे कहा कि ईश्वरीय कृपा से संभव हुए इस पवित्र कार्य में वे स्वयं को एक माध्यम मात्र मानते हैं और समस्त विश्व पर भगवान परशुराम की कृपा बनी रहे, ऐसी प्रार्थना करते हैं।

समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर किसानों को निराश करने और राज्य में उर्वरक संकट को गहरा करने का मंगलवार को आरोप लगाया। यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर हैशटैग अयोध्या-खाद-किल्लत से की गयी एक पोस्ट में कहा, कह गये ऐसा भाजपाई कलियुग आएगा कृषक खाएगा लाठी-डंडा खाद का संकट गहरायेगा। उन्होंने 31 सेकंड का एक वीडियो भी साझा किया जिसमें एक पुलिसकर्मी लाठी लिए हुए लोगों की भीड़ को नियंत्रित कर रहा है।

## प्राइमरी से 12वीं तक की पढ़ाई एक ही जगह हो जाएगी

### अब यूपी के कुशीनगर जिले में बनेगा मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कुशीनगर जिले में मुख्यमंत्री माडल कंपोजिट विद्यालय के निर्माण के लिए राज्य सरकार ने 24.05 करोड़ रुपये की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। शासन ने इसके लिए पहली किश्त के रूप में 12.02 करोड़ रुपये जारी कर दिए हैं। विद्यालय का निर्माण कार्य उत्तर प्रदेश जल निगम की निर्माण इकाई कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज द्वारा कराया जाएगा। इसके निर्माण में मानक और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएगा। इस माडल विद्यालय में प्राइमरी से 12 वीं तक की पढ़ाई एक साथ होगी। शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूरा करना अनिवार्य होगा। स्वीकृत धनराशि का उपयोग केवल इसी परियोजना पर किया जाएगा। निर्माण कार्य अनुमोदित लागत में ही पूरा किया जाएगा। भविष्य में योजना का कोई पुनरीक्षण स्वीकार नहीं होगा। परियोजना से जुड़ी सभी शर्तों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा। किसी भी वित्तीय अनियमितता की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की होगी।

# पीएम-सीएम हटाने वाले बिल पर संसद में बवाल, संयुक्त समिति को भेजा गया विधेयक

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बुधवार को लोकसभा में पेश किए जाने के बाद, 'संविधान (एक सौ तीसवां संशोधन) विधेयक, 2025; केंद्र शासित प्रदेशों की सरकार (संशोधन) विधेयक, 2025 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025' को संसद की संयुक्त समिति को भेज दिया गया। लोकसभा की कार्यवाही शाम 5 बजे तक स्थगित होने से पहले, अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी सदस्यों के व्यवहार पर आपत्ति जताई। अध्यक्ष ने कहा कि सदस्यों को सदन की गरिमा को कम नहीं करना चाहिए। अध्यक्ष ने आगे कहा कि लोग देख रहे हैं। विपक्षी सदस्यों ने पहले तीन विधेयकों को पेश किए जाने पर आपत्ति जताई थी।

विधेयक को सदनों की एक संयुक्त समिति को भेज दिया गया, जिसमें इस सदन के 21 सदस्य शामिल हैं जिन्हें लोकसभा अध्यक्ष द्वारा नामित किया जाएगा और 10 राज्यसभा सदस्य हैं जिन्हें उपसभापति द्वारा नामित किया जाएगा। इससे पहले, दिन में विपक्षी सांसदों ने लोकसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर तीन विधेयकों की प्रतियां फाड़कर फेंकी थीं। इन विधेयकों में भ्रष्टाचार या गंभीर अपराधों के आरोपों का सामना कर रहे और लगातार 30 दिनों से हिरासत में लिए गए प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्रियों को हटाने का प्रावधान है।

शाह ने भारत के संविधान में और संशोधन करने के लिए संविधान (एक सौ तीसवां संशोधन) विधेयक, 2025 और केंद्र शासित प्रदेशों की सरकार (संशोधन) विधेयक, 2025 के अलावा जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 में संशोधन करने वाला विधेयक भी पेश किया। उन्होंने इन विधेयकों को संसद की एक संयुक्त समिति को भेजने का भी प्रस्ताव रखा। जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक 2025, जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 54 में संशोधन करने का प्रयास करता है ताकि गंभीर आपराधिक आरोपों के कारण गिरफ्तारी या हिरासत में लिए जाने की स्थिति में मुख्यमंत्री या मंत्री को हटाने के लिए एक कानूनी ढांचा प्रदान किया जा सके।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 82,530.74

निफटी 25,062.10

# उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए सीपी राधाकृष्णन ने दाखिल किया नामांकन

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के उपराष्ट्रपति चंद्रपुरम पोन्नुसामी राधाकृष्णन ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्रियों की मौजूदगी में अपना नामांकन दाखिल किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी उन लोगों में शामिल थे, जो महाराष्ट्र के राज्यपाल राधाकृष्णन के साथ रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष नामांकन दाखिल करने गए।

सूत्रों ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया के तहत चार सेट नामांकन पत्र दाखिल किए गए। पहले सेट में प्रधानमंत्री मोदी मुख्य प्रस्तावक थे। इससे पहले, उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ने संसद परिसर में स्थित प्रेरणा स्थल पर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की, जहाँ प्रतिष्ठित हस्तियों की प्रतिमाएँ हैं। उन्होंने सबसे पहले महात्मा गांधी की विशाल प्रतिमा के समक्ष नमन किया और फिर अन्य प्रसिद्ध हस्तियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। राधाकृष्णन को रविवार को एनडीए का उम्मीदवार चुना गया। राष्ट्रीय राजधानी में पार्टी संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जेपी नड्डा ने यह घोषणा की।

# भारतीय उत्पाद अमेरिका नहीं जाएंगे तो हमारे बाजार में आएंगे : रूस

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, दशकों से रूस भारत का सच्चा साथी बना हुआ है और भारत ने भी रूस का आड़े वक्त पर पूरा साथ दिया है। यही कारण है कि जब अमेरिका भारत पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है तो रूस इसका विरोध कर रहा है। हम आपको बता दें कि अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए 25% अतिरिक्त टैरिफ को रूस ने खुलकर ₹दोहरे मानदंड₹ बताते हुए भारत को आश्वस्त किया है कि उसके लिए रूसी बाजार हमेशा खुला रहेगा। रूस का यह कहना कि ₹भारतीय वस्तुएं यदि अमेरिकी बाजार में जगह नहीं पाएंगी तो वह रूस में जरूर जगह पाएंगी₹, भारत-रूस साझेदारी की मजबूती को दशार्ता है। यह बयान केवल कूटनीतिक समर्थन ही नहीं, बल्कि भारत की रणनीतिक स्वायत्तता को भी रेखांकित करता है।

हम आपको बता दें कि रूस के भारत स्थित दूतावास ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए 25% अतिरिक्त टैरिफ की तीखी आलोचना की है। यह टैरिफ भारत द्वारा रूसी कच्चे तेल की खरीद पर लगाया गया है। अमेरिकी दृष्टिकोण यह है कि रूस से तेल खरीदना, अप्रत्यक्ष रूप से रूस-यूक्रेन युद्ध के वित्तपोषण जैसा है। रूस ने अमेरिकी प्रतिबंधों को ₹दोहरे मानदंड₹ करार दिया और भारत पर तेल खरीद रोकने के लिए किए जा रहे दबाव को ₹अनुचित₹ बताया। यह बयान उस समय आया है जब भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर मतभेद बढ़े हैं, विशेषकर डेयरी और कृषि क्षेत्र को लेकर।

रूस का तर्क है कि भारतीय रिफाइनरियों के लिए उसका तेल सबसे प्रतिस्पर्धी और लाभकारी है। रूस भारत को लगभग 5% छूट पर तेल उपलब्ध कराता है। इंडियन ऑयल और भारत पेट्रोलियम जैसी सरकारी कंपनियों ने सितंबर-अक्टूबर के लिए रूसी तेल की नई खेप खरीदने के अनुबंध किए हैं। यह खरीद उस समय फिर से शुरू हुई है जब छूट की दरें बढ़कर लगभग 3 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गईं। हम आपको बता दें कि यूक्रेन युद्ध के बाद रूस ने चीन और भारत जैसे देशों को भारी छूट पर तेल उपलब्ध कराना शुरू किया था। भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक है और भारत ने आर्थिक व्यावहारिकता को देखते हुए रूसी तेल आयात को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाया है।

देखा जाये तो भारत की ऊर्जा सुरक्षा की दृष्टि से रूस एक विश्वसनीय भागीदार साबित हो रहा है। तेल और गैस आपूर्ति में विविधता लाना भारत की दीर्घकालिक नीति रही है ताकि पश्चिमी देशों या मध्य-पूर्व पर निर्भरता कम हो। साथ ही, रूस के साथ रक्षा, प्रौद्योगिकी और व्यापार के क्षेत्र में भी गहरे संबंध हैं।

**संक्षिप्त समाचार**

## राजीव गांधी जयंती: पीएम मोदी से प्रियंका तक, दिग्गजों ने दी श्रद्धांजलि

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कई कांग्रेस नेताओं ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी 81वीं जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने भी इस जयंती के उपलक्ष्य में उनके स्मारक वीरभूमि पर एक स्मृति कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, के सी वेणुगोपाल और प्रियंका गांधी वाड्रा मौजूद रहे। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने जयंती के उपलक्ष्य में उनके स्मारक वीरभूमि पर एक स्मृति कार्यक्रम का भी आयोजन किया, जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खरगे, के.सी. वेणुगोपाल और प्रियंका गांधी वाद्रा शामिल हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, आज पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। खरगे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज सद्भावना दिवस के मौके पर हम राजीव गांधी को याद कर रहे हैं। वह एक ऐसे उत्कृष्ट नेता थे जिन्होंने करोड़ों लोगों में उम्मीद जगाई और भारत को 21वीं सदी में आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी की विरासत का उदाहरण भारत के लिए उनकी अनगिनत उपलब्धियां हैं जिनसे देश में बड़े और परिवर्तनकारी बदलाव आए। खरगे ने एक अन्य पोस्ट में कहा, मतदान की आयु घटाकर 18 वर्ष करना, पंचायती राज को मजबूत करना, दूरसंचार और आईटी क्रांति, कम्प्यूटरीकरण कार्यक्रम, निरंतर शांति समझौते, महिला सशक्तिकरण, सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम और समावेशी शिक्षा पर जोर देने वाली नई शिक्षा नीति जैसे राजीव गांधी जी के अभूतपूर्व कदम देश में परिवर्तनकारी बदलाव लेकर आए।

# अधिक ऊर्जा और समर्पण के साथ आपके बीच रहूँगी...

## हमले के बाद दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता का पहला बयान

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, 20 अगस्त की सुबह हुए इस चौंकाने वाले हमले के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इसे न केवल उन पर, बल्कि राजधानी के लोगों की सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पर भी एक कायराना हमला बताया। उन्होंने कहा कि जन सुनवाई के दौरान हुआ हमला न केवल मुझ पर, बल्कि दिल्ली के कल्याण के लिए काम करने के हमारे संकल्प पर भी प्रहार था। गुप्ता ने स्वीकार किया कि शुरूआत में वह इस घटना से हिल गई थीं, लेकिन उन्होंने समर्थकों को आश्वस्त किया कि अब वह काफी बेहतर महसूस कर रही हैं। उन्होंने शुभचिंतकों से अनुरोध किया कि वे उनसे मिलने आकर खुद को कष्ट न दें, और कहा कि वह जल्द ही लोगों के बीच वापस आएंगी और पहले की तरह काम करेंगी।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि ऐसे हमले जनसेवा के प्रति उनके उत्साह और समर्पण को कभी नहीं तोड़ सकते। उन्होंने घोषणा की, मैं अब पहले से कहीं अधिक ऊर्जा और समर्पण के साथ आपके बीच रहूँगी। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि जनशिकायत सुनवाई और लोगों की समस्याओं के समाधान के प्रयास उसी गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ जारी रहेंगे। मुख्यमंत्री गुप्ता ने आगे कहा, मैं आपके अपार प्रेम, आशीर्वाद और शुभकामनाओं के लिए हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ। ऐसे हमले मेरे हौसले और जनता की सेवा के संकल्प को कभी तोड़ नहीं सकते। अब मैं पहले से कहीं अधिक ऊर्जा और समर्पण के साथ आपके बीच रहूँगी। जनसुनवाई और जनता की समस्याओं का समाधान पहले की तरह ही गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ जारी रहेगा। आपका विश्वास और समर्थन ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। पुलिस ने हमले के सिलसिले में हत्या के प्रयास के आरोप में एक प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) राजा बंठिया ने एक बयान में बताया कि सिविल लाइंस थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 109(1) के तहत हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है। आरोपी पर एक लोक सेवक पर हमला करने और उसके कर्तव्य निर्वहन में बाधा डालने का भी मामला दर्ज किया गया है।

# उर्वरक की कमी को लेकर अखिलेश ने भाजपा पर साधा निशाना

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर किसानों को निराश करने और राज्य में उर्वरक संकट को गहरा करने का मंगलवार को आरोप लगाया। यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर हैशटैग अयोध्या-खाद-किल्लत से की गयी एक पोस्ट में कहा, कह गये ऐसा भाजपाई कलियुग आएगा कृषक खाएगा लाठी-डंडाङ्घ खाद का संकट गहरायेगा। उन्होंने 31 सेकंड का एक वीडियो भी साझा किया जिसमें एक पुलिसकर्मी लाठी लिए हुए लोगों की भीड़ को नियंत्रित कर रहा है। इस बीच, अयोध्या के जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने इन दावों को खारिज करते हुए एक स्पष्टीकरण जारी किया। उन्होंने कहा कि यह वीडियो सोमवार का है लेकिन लाठीचार्ज बिल्कुल नहीं हुआ था। उन्होंने कहा कि भीड़ के कारण कुछ लोगों ने कतार तोड़ने की कोशिश की थी। पुलिस ने अनुशासन बनाए रखने के लिए केवल हल्की कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि स्थिति सामान्य रही और किसानों को कोई कठिनाई नहीं हुई।

# राजा अपनी मर्जी से किसी को हटा देगा...

## काली टी-शर्ट पहने राहुल गांधी ने 130वें संविधान संशोधन बिल को लेकर साधा निशाना

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को तीन विवादास्पद विधेयकों को पेश किए जाने की निंदा की, जिनमें गंभीर आरोपों में 30 दिन जेल में बिताने के बाद प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्रियों को पद से हटाने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि यह कदम देश को मध्ययुगीन काल में ले जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में तीन विधेयक पेश किए, जिनके तहत प्रधानमंत्री और राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों को लगातार 30 दिनों तक गिरफ्तार रहने पर पद से हटाया जा सकेगा। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि हम मध्ययुगीन काल में वापस जा रहे हैं जब राजा अपनी इच्छा से किसी को भी हटा सकता था, या अगर उसे किसी का चेहरा पसंद नहीं आता था, तो वह उसे गिरफ्तार करने के लिए ईडी से कह सकता था, और लोकतांत्रिक रूप से चुने गए व्यक्ति को 30 दिनों के भीतर बाहर निकाला जा सकता था।

आपराधिक आरोपों में गिरफ्तार किए गए और लगातार 30 दिन हिरासत में रखे गए प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को पद से हटाने के प्रावधान वाले तीन विधेयक बुधवार को लोकसभा में पेश किए गए जिन्हें सदन ने अध्ययन के लिए संसद की संयुक्त समिति को भेजने का फैसला किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के विरोध और हंगामे के बीच सदन में संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025, संघ राज्य क्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक, 2025 और जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025 पेश किए।

बाद में उनके प्रस्ताव पर सदन ने तीनों विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति को भेजने का निर्णय लिया। विधेयकों के उद्देश्यों और कारणों में कहा गया है कि कोई मंत्री जो गंभीर दंडनीय अपराधों के आरोप का सामना कर रहा है, उसे गिरफ्तार किया जाता है और हिरासत में रखा जाता है तो वह संवैधानिक नैतिकता के मापदंडों तथा सुशासन के सिद्धांतों को विफल कर सकता है या उनमें बाधा डाल सकता है और अंततः लोगों द्वारा उसमें जताए गए विश्वास को कम कर सकता है। इसके अनुसार ऐसे मंत्री को हटाए जाने के लिए संविधान के अधीन कोई उपबंध नहीं है जो गंभीर दंडनीय आरोपों के तहत गिरफ्तार किया जाता है।

# अखिलेश के समय आत्महत्या को मजबूर होते थे किसान, 86 लाख किसानों का योगी सरकार ने किया कर्जमाफ : कृषि मंत्री

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने मंगलवार को प्रेस वार्ता में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव को किसानों के बारे में बोलने का कोई हक नहीं है। उनके शासनकाल में किसान न तो समय से बोआई कर पाते थे और न ही उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की सुविधा मिलती थी। उस दौर में कर्ज में डूबे 86 लाख किसानों के 36 हजार करोड़ रुपये योगी सरकार को माफ करने पड़े। यदि सपा सरकार इतनी ही किसान हितैषी थी तो किसानों को आत्महत्या क्यों करनी पड़ी।

### कालाबाजारी और जमाखोरी पर सरकार कस रही शिकंजा

कृषि मंत्री ने साफ कहा कि प्रदेश में खाद और यूरिया की कोई कमी नहीं है। दिक्कत केवल जमाखोरी, कालाबाजारी और तस्करी करने वाले तत्व पैदा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब तक 1196 फुटकर विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्त किए जा चुके हैं। 132 थोक विक्रेताओं को नोटिस, 13 को निलंबन और 4 का लाइसेंस रद्द किया गया है। 93 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। सीतापुर, बलरामपुर और श्रावस्ती के जिला कृषि अधिकारियों को निलंबित किया गया है। वहीं, महाराजगंज और सिद्धार्थनगर जैसे सीमावर्ती जिलों में बड़ी संख्या में ऐसे लोग पकड़े गए हैं जिन्होंने बिना जोत के ही दर्जनों बोरी यूरिया उठा ली। मंत्री ने चेतावनी दी कि ऐसे माफियाओं को बख्शा नहीं जाएगा।

### किसानों को हर हाल में मिलेगी खाद

सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि राज्य सरकार हर किसान को समय से खाद और बीज उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह सक्रिय है। फिलहाल प्रदेश में 15 लाख 91 हजार मीट्रिक टन विभिन्न प्रकार के फर्टिलाइजर उपलब्ध हैं। खरीफ 2024 में अब तक 32 लाख 7 हजार मीट्रिक टन खाद की बिक्री हुई है, जो पिछले साल की तुलना में साढ़े चार लाख मीट्रिक टन अधिक है। उन्होंने कहा कि 15 से ज्यादा जनपदों में 10 हजार मीट्रिक टन से ज्यादा यूरिया की खपत हुई है, फिर भी कहीं कमी नहीं होने दी गई।

### रबी सीजन के लिए सरकार ने किये हैं बड़े इंतजाम

कृषि मंत्री ने बताया कि रबी 2025-26 सीजन के लिए इस बार 138.78 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में खेती का लक्ष्य तय किया गया है। पिछले वर्ष 132.86 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में रबी की बुवाई हुई थी। इस बार 4 लाख हेक्टेयर का विस्तार किया जाएगा। किसानों को 10 लाख क्विंटल अनुदानित बीज उपलब्ध कराया जाएगा। गेहूं, जौ, मक्का, राई और अलसी समेत दलहन-तिलहन के बीज किसानों तक पहुंचाए जाएंगे। किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए लगभग 12.80 लाख मिनी किट भी उपलब्ध कराई जाएगी। गन्ना किसानों को गन्ने के साथ ही दलहन-तिलहन की बोवाई के लिए प्रेरित किया जाएगा और उन्हें निःशुल्क बीज उपलब्ध कराई जाएगी।

### फर्टिलाइजर की मांग और सब्सिडी की दी जानकारी

शाही ने कहा कि रबी सीजन के लिए 41 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 17 लाख मीट्रिक टन डीएपी, 7.08 लाख मीट्रिक टन एनपी, 1.78 लाख मीट्रिक टन एसएसपी और 2 लाख मीट्रिक टन पोटाश की मांग भारत सरकार से की जाएगी। उन्होंने बताया कि यूरिया पर केंद्र सरकार 1908 रुपये प्रति बोरी तक सब्सिडी दे रही है और किसानों को मात्र 266.50 रुपये में उपलब्ध कराया जा रहा है।

# यूपी में फर्जी डिग्री वाले 22 शिक्षकों को किया गया बर्खास्त

### वेतन की होगी वसूली, एफआईआर दर्ज करने का आदेश

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। माध्यमिक शिक्षा में सहायक अध्यापक पदों पर हुई नियुक्तियों की जांच में बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। सत्यापन में 22 शिक्षकों के प्रमाणपत्र फर्जी पाए गए। माध्यमिक शिक्षा विभाग ने इनकी सेवाएं समाप्त करते हुए वेतन की रिकवरी और एफआईआर दर्ज कराने का आदेश दिया है। ये सभी नियुक्तियां वर्ष आजमगढ़ मंडल में 21 अप्रैल 2014 में हुई थी। वर्तमान में ये सभी शिक्षक स्थानांतरण के बाद अलग-अलग कॉलेजों में कार्यरत हैं।

शिक्षा निदेशक माध्यमिक की ओर से एलटी (स्नातक) के रिक्त पदों को भरने के लिए समाचार पत्रों के विज्ञापन के माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किए थे। यह नियुक्ति वर्ष 2014 में हुई थी। इन नियुक्तियों में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक व प्रशिक्षण अर्हता के आधार पर मेरिट बनाकर काउंसिलिंग के जरिये चयन किया गया था। लेकिन दस्तावेजों की गहन जांच में कई अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्र कूटरचित मिले। करीब 11 वर्ष के बाद फर्जी अभिलेखों के आधार पर नियुक्त 22 शिक्षकों की सेवाएं तत्काल समाप्त कर दी गई हैं। साथ ही, उनके द्वारा अब तक प्राप्त वेतन की वसूली (रिकवरी) की जाएगी। इसके अतिरिक्त संबंधित शिक्षकों के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराने के आदेश भी जारी किए गए हैं। माध्यमिक शिक्षा विभाग ने यह कार्रवाई माध्यमिक शिक्षा निदेशक के निर्देश पर की है और संबंधित जिलों के जिला विद्यालय निरीक्षकों को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

### लाखों रुपये की आएगी रिकवरी

एलटी ग्रेड में शिक्षकों की शुरूआती वेतन करीब 55 हजार रुपये महीने होती है। जो वरिष्ठता के हिसाब से इस समय 75 हजार रुपये महीने हो गई है। ऐसे में अगर औसत 60 हजार रुपये महीने के हिसाब से एक वर्ष के वेतन की गणना करें तो 7,20,000 रुपये हुए। इस तरह से 11 वर्ष में प्राप्त वेतन का आकलन करें तो यह 79,20,000 रुपये हुए। ऐसे में एक शिक्षक से करीब 79 से 80 लाख रुपये बैठता है। सवाल यह है कि 11 वर्ष से ये शिक्षक फर्जी प्रमाणपत्रों से नौकरी करते रहे और सत्यापन में इतना समय लग गया। अब इन शिक्षकों से लाखों रुपये की रिकवरी कैसे होगी?

### ये हैं वे 22 शिक्षक जिनकी नौकरी गई



1. विनय कुमार यादव - गणित/विज्ञान - राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवदह, मऊ
2. पवन कुमार - जीव विज्ञान - राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कबूलपुर, बाराबंकी
3. अतुल प्रकाश वर्मा - अंग्रेजी - राजकीय हाईस्कूल काजीबेहटा, बाराबंकी
4. अंकित धर्मा - हिंदी - राजकीय हाईस्कूल काजीबेहटा, बाराबंकी
5. लक्ष्मी देवी - गणित/विज्ञान - राजकीय हाईस्कूल रसूलपुर, बाराबंकी
6. विवेक सिंह - जीव विज्ञान - राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चककुचाई, मऊ
7. राज रजत वर्मा - अंग्रेजी - राजकीय इंटर कालेज सैरपुर, लखनऊ
8. रोहिणी शर्मा - गणित/विज्ञान - राजकीय बालिका इंटर कालेज बेहटा, लखनऊ
9. अमित गिरी - सामान्य विषय - राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महोना, बुलंदशहर
10. रूचि सिंघल - अंग्रेजी - राजकीय हाईस्कूल सोना, सहारनपुर
11. प्रियंका - गृह विज्ञान - राजकीय हाईस्कूल दानापुर कयामपुर, बाराबंकी
12. नूतन सिंह - अंग्रेजी - राजकीय बालिका हाईस्कूल पुलन्दर, कानपुर देहात
13. दीपा सिंह - हिंदी - राजकीय बालिका हाईस्कूल गोतवां मझवां, मीरजापुर
14. अनीता रानी - हिंदी - पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय इंटर कालेज, कटिहारी बड़राय, मऊ
15. प्रीति सिंह - अंग्रेजी - राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवगांव, आजमगढ़
16. नन्दिनी - गृह विज्ञान - राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सई जलालपुर, जौनपुर
17. आनंद सोनी - अंग्रेजी- राजकीय इंटर कालेज जैदपुर, बाराबंकी
18. गीता - हिंदी - राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इटैली, आजमगढ़
19. सलोनी अरोरा- अंग्रेजी - राजकीय हाईस्कूल मित्तई देवा, बाराबंकी
20. किरन मौर्या - सामान्य विषय - राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एकइल, बलिया
21. रूमन विश्वकर्मा - सामान्य विषय - राजकीय बालिका इंटर कालेज बगवार, आजमगढ़
22. सरिता मौर्या - सामान्य विषय - राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रजौली, बलिया

## पीट-पीट कर ली जान, गैर इरादतन हत्या में चार नामजदों पर मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

बंथरा। सराय शहजादी गांव में पिटाई से हुई 25 वर्षीय प्रदीप की मौत के मामले में पत्नी सुशीला ने चार लोगों पर हत्या के आरोप लगाते हुए बंथरा थाने में तहरीर दी है। पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने अंकित, रवि, अमित और मनीष के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया। सराय शहजादी निवासी सुशीला ने बताया कि मंगलवार की दोपहर करीब दो बजे उनके पति प्रदीप गाड़ी का पंचर बनवाने के लिए कटी बगिया जाने की बात कहकर घर से निकले थे। पंचर की दुकान के पास पहुंचे तो गाड़ी खड़ी करने को लेकर पहले से वहां मौजूद मनीष विवाद करने लगा। प्रदीप ने पंचर बनवाकर वहां से चले जाने की बात कही लेकिन मनीष गाड़ी हटाने को लेकर झगड़ा करने लगा। इतने में उसके साथी अंकित, अमित और रवि भी वहां आ गए और चारों ने मिलकर उन्हें पीटना शुरू कर दिया। आरोप है कि चारों ने लाठी-डंडे से प्रदीप के सिर पर कई वार कर दिए। प्रदीप अचेत होकर वहीं गिर गए। काफी देर बाद जब उन्हें होश आया तो किसी तरह घर पहुंचे और पत्नी को पूरी बात बताई। गंभीर हालत में परिवार के लोग उन्हें लेकर अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सुशीला ने कार्रवाई की मांग करते हुए तहरीर दी है। इंस्पेक्टर राणा राजेश कुमार सिंह ने बताया कि गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर नामजदों से पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ही मौत के कारण स्पष्ट हो सकेंगे। बुधवार की दोपहर शव परिवारजन को सौंप दिया गया। गांव के ही अंत्येष्टि स्थल पर पुलिस की मौजूदगी में शव का अंतिम संस्कार किया गया।

## पीजीआई अस्पताल में नौकरी के नाम पर वसूली, विरोध में सफाई कर्मियों ने किया काम बंद

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई अस्पताल में एक स्वच्छता निरीक्षक पर गंभीर आरोप लगे हैं। जानकारी के अनुसार, निरीक्षक ओम प्रकाश ने एक सफाई कर्मचारी से संविदा भर्ती पर नौकरी दिलाने के नाम पर रकम ली। लंबे समय तक नौकरी न मिलने पर जब पीड़ित कर्मचारी ने अपने पैसे वापस मांगे तो निरीक्षक ने उस पर और उसकी पत्नी पर हमला कर दिया। पीड़ित कर्मचारी का कहना है कि वह काफी समय से नौकरी की उम्मीद लगाए हुए था, लेकिन जब भर्ती नहीं हुई तो उसने अपने पैसे लौटाने की मांग की। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ा और निरीक्षक ने मारपीट कर दी। इस घटना के विरोध में अस्पताल क्षेत्र के सभी सफाई कर्मचारियों ने काम बंद कर दिया है। कर्मचारियों ने आरोपी निरीक्षक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। हड़ताल के चलते अस्पताल की सफाई व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है।

## टैंकर के पहिए में फंसकर कई मीटर घिसटा बाइक सवार, किसान के कई टुकड़े हो गए

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। भतीजे के साथ दवा लेकर लौट रहे किसान की बाइक को टैंकर ने टक्कर मार दी। किसान टैंकर के पहिए में फंसकर 10 मीटर तक घिसटता गया। हादसे इतना भीषण था कि किसान की मौत हो गई और शव दो हिस्सों में बंट गया। बाइक चला रहा भतीजा बाल-बाल बचा। दुर्घटना के बाद चालक टैंकर छोड़ कर भाग गया। स्थानीय लोगों ने दुर्घटना के विरोध में प्रदर्शन किया तो पुलिस पहुंची। टैंकर चालक की गिरफ्तारी का आश्वासन देकर शांत कराया। उन्नाव जनपद के औरास थाना क्षेत्र के इकघरा निवासी शकील अहमद के मुताबिक चाचा रहीस अहमद (48) बीमार चल रहे थे। बुधवार सुबह उनकी दवा लेने एरा हॉस्पिटल आए थे। घर लौटते समय हरदोई-कानपुर बाईपास पर सब्जी मंडी के सामने नशे में लापरवाही से दूध का टैंकर चला रहे चालक ने बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इससे पीछे बैठे रहीस अहमद उछलकर सड़क पर गिर गए और टैंकर के पिछले पहिए के नीचे फंस गए। टैंकर चालक ने रफ्तार बढ़ाते हुए रहीस को लगभग 10 मीटर तक घसीटते हुए कुचल दिया। इससे उनकी मौत हो गई और शव दो हिस्सों में बंटकर क्षतविक्षत हो गया। घटना के बाद चालक टैंकर छोड़कर फरार हो गया। हादसे में शकील अहमद को भी चोटें आई हैं। घटना के बाद क्षेत्रीय लोगों व परिजनों ने मौके पर विरोध प्रदर्शन किया। उनकी पुलिस से नोकझोंक भी हुई। परिजन लापरवाही से वाहन चलाने वाले टैंकर चालक की गिरफ्तारी व मुआवजे की मांग कर रहे थे। इंस्पेक्टर ने एसडीएम से वार्ता कर मृतक आश्रितों को उचित मुआवजे व कार्रवाई का आश्वासन दिया, तब प्रदर्शनकारी शांत हुए। इंस्पेक्टर अभिनव वर्मा ने बताया कि टैंकर को कब्जे में लेकर चालक की तलाश की जा रही है। मृतक के भतीजे शकील ने अज्ञात चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचे डीएम, सड़कों की बदली जाएगी सूरत

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। इटौंजा और बख्शी का तालाब के बाढ़ प्रभावित इलाकों का डीएम विशाख जी ने दौरा किया। डीएम ने प्रभावित लोगों से बातचीत कर उनको हर संभव मदद पहुंचाने का आश्वासन दिया। डीएम ने यह भी कहा कि जैसे ही बारिश खत्म होगी जिन गांवों के संपर्क मार्ग नीचे हैं उनको ऊंचा किया जाएगा ताकि जल स्तर पर बढ़ने पर किसी तरह की समस्या नहीं हो।

डीएम ने इटौंजा के ग्राम लासा पहुंच कर ग्रामीणों से संवाद किया। ग्राम सचिव ने बताया कि वर्तमान में जल स्तर नीचे जा रहा है। डीएम ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि हर ग्राम पंचायतों में चारे और भूसे की उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुए शिविरों का आयोजन करना सुनिश्चित किया जाए।

गौवंश के उपचार हेतु वेटरनरी डाक्टरों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने जिला पंचायतराज अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी ग्रामों में स्टीमर की समय सारणी, स्थापित कैंपों की लोकेशन की जानकारी व अन्य आवश्यक सूचनाएं ग्रामवासियों तक पहुंचाने के लिए गाड़ी के द्वारा एनांउसमेंट व मुनादी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जिला आपूर्ति अधिकारी को प्रभावित ग्रामों में कोटेदारों द्वारा राशन वितरण में किसी तरह की कमी नहीं होने के निर्देश दिए। डीएम ने तहसीलदार को निर्देश दिए कि स्कूली बच्चों और वृद्धजनों को विशेषकर आवागमन हेतु नाव की व्यवस्था सुनिश्चित रहे। उनको आवागमन में किसी भी तरह की असुविधा नहीं होने पाए। इस अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राकेश कुमार सिंह ने बताया कि ग्रामवासियों के आवागमन हेतु आठ नाव और किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु एक स्टीमर की व्यवस्था पहले से ही सुनिश्चित की गई है। इसके अलावा कैंपों के माध्यम से क्लोरिन की गोलियां भी वितरित की जा चुकी हैं। डीएम ने तहसीलदार से पानी में डूबे घरों का सर्वे कराने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा फसल नुकसान का आंकलन कराकर मुआवजा दिलाया जाएगा।

## यूनिफॉर्म में रोजाना स्कूल आने वाले बच्चों की लगेगी तस्वीर



### शिक्षा विभाग अभिभावकों को करेगा जागरूक

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को यूनिफार्म पहनने के लिए प्रेरित करने की नई पहल की जा रही है। विद्यालयों में जो बच्चे यूनिफार्म पहनकर सबसे अधिक उपस्थिति दर्ज करेंगे, उनकी तस्वीर खींचकर फ्लेक्स पर प्रिंट कर कक्षा के बाहर लगाई जाएगी। इसका खर्च विद्यालयों को मिलने वाले कंपोजिट ग्रांट से वहन किया जाएगा। इससे अन्य बच्चे भी यूनिफार्म पहन कर आने के लिए प्रेरित होंगे। महिला एवं बाल विकास संयुक्त समिति की बैठक में इसे लेकर सुझाव दिए गए थे। विद्यालयों में कक्षा एक से आठ तक के बच्चों को यूनिफार्म, स्वेटर, जूता, मोजा और स्कूल बैग खरीदने के लिए सरकार की ओर से अभिभावकों को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से धनराशि उपलब्ध कराई जाती है। बहुत से अभिभावक पैसे मिलने के बाद भी समय से बच्चों की यूनिफार्म नहीं खरीदते हैं। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अभिभावकों को जागरूक करें ताकि वे इस राशि से बच्चों की यूनिफार्म और स्टेशनरी की खरीद सुनिश्चित करें।

## गोमती नदी से मछली का शिकार करने की होगी नीलामी, विरोध में उतरे मछुआरे

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। करीब साढ़े तीन दशक बाद मत्स्य विभाग ने गोमती नदी में मछली का शिकार करने के लिए नीलामी की प्रक्रिया शुरू करते हुए टेंडर निकाला है। इसकी जानकारी होते ही मछुवारे विरोध में उतर आए हैं और बुधवार को उत्तर क्षेत्र से विधायक डा. नीरज बोरा से मिलकर अपना दर्द बताया। मछुआरों का कहना था कि अगर किसी कंपनी ने मछली का शिकार करने का ठेका पा लिया तो उनके सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा। इस मामले में डा. बोरा ने प्रमुख सचिव मत्स्य के साथ ही अन्य अधिकारियों को फोन कर नदी में मछली मारने की नीलामी का टेंडर निकाले जाने पर नाराजगी जताई। मछुआरों के प्रतिनिधि मनोहर व मन्ना ने बताया कि लखनऊ के भीतर गोमती नदी में मछली मारने के लिए नीलामी नहीं होती थी। साढ़े तीन दशक पहले तत्कालीन विधायक स्वर्गीय डी.पी.बोरा के नेतृत्व में हुए मछुआरा आंदोलन की वजह से नीलामी करने के अपने आदेश को प्रशासन ने वापस ले ही लिया था। वर्तमान में मत्स्य विभाग ने खदरा पक्के पुल से आइआइएम पुल, रैथा से सरौरा और जमखनवा से सुलतानपुर तक अगले एक वर्ष के लिए मछली का शिकार करने की नीलामी का टेंडर निकाला है। उधर, डा. बोरा का कहना है कि उन्होंने प्रमुख सचिव मत्स्य और जिलाधिकारी को पत्र लिखकर नीलामी प्रक्रिया को रोकने को कहा है। यह भी कहा है कि कई दशक से शासन द्वारा लखनऊ की सीमा में मछली का शिकार करने की नीलामी नहीं कराई जाती थी।

## दिल्ली की टीम करेगी एअर इंडिया के विमान में सिगरेट सुलगाने की जांच, विजिटर पास फिर शुरू

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच विमान तक छिपाकर सिगरेट और माचिस की तिली का मसाला लेकर पहुंचे यात्री के मामले की जांच के लिए एक टीम लखनऊ आ सकती है। एयर इंडिया के बाथरूम में यात्री के सिगरेट जलाने के लिए माचिस के सुलगाते ही अलार्म बज गया था। जिसके बाद यात्री को उतार दिया गया था।

घटना बीती 16 अगस्त की है। एयर इंडिया की उड़ान एआइ-2492 दोपहर 2:05 बजे लखनऊ से मुंबई के लिए रवाना होने को तैयार थी। इसमें परिवार सहित यात्रा कर रहे यात्री कुलदीप अपने साथ सिगरेट और माचिस की तिली का मसाला लेकर पहुंच गया था। वह विमान के बाथरूम में पहुंचा और जैसे ही माचिस की तिली को जलाया, विमान का अलार्म बज उठा। आनन फानन में मौके पर पहुंचे क्रू स्टाफ ने यात्री कुलदीप को नीचे उतार दिया था। अब इस घटना की उच्चस्तरीय जांच शुरू हो गई है। ब्यूरो आफ सिविल एविएशन सिक्यूरिटी और महानिदेशालय नागरिक उड्डयन की एक टीम जल्द ही लखनऊ आ सकती है। यह टीमें विमान तक माचिस पहुंचने के कारणों का पता लगाएगी।

### विजिटर पास पर लगी रोक हटी

चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर एंट्री टिकट और विजिटर पास पर लगी रोक गुरुवार से हट जाएगी। यात्रियों के साथ आने वाले परिचित पूर्व की तरह एंट्री टिकट लेकर प्रवेश कर सकेंगे। स्वतंत्रता दिवस पर सुरक्षा कारणों से एंट्री टिकट और विजिटर पास पर रोक लगायी गई थी।

### साढ़े तीन घंटे बंद रहा रनवे

लखनऊ एयरपोर्ट पर अब प्रत्येक बुधवार को सुबह 9:30 से दोपहर एक बजे तक रनवे के नियमित देखभाल के लिए नोटिस टू एयरमैन (नोटम) जारी किया गया है। इसके चलते साढ़े तीन घंटे तक बुधवार को विमानों का संचालन बंद रहा। एयरलाइन कंपनियों ने अपने विमानों को रिशेडयूल्ड कर दिया।

## मुस्लिमों के लिए जरूरी अपडेट, हज यात्रा के लिए जमा होने वाली किस्त की तारीख में हुआ बदलाव

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। हज के लिए चयनित यात्रियों को अब 25 अगस्त तक पहली किस्त जमा करनी होगी। हज कमेटी आफ इंडिया ने इसमें पांच दिन बढ़ा दिया है। बुधवार को पहली किस्त जमा करने की अंतिम तिथि थी। हज यात्रियों को इस बार 1,52,300 रुपये पहली किस्त के रूप में जमा करने होंगे। प्रदेश भर से इस बार 18,760 लोगों का हज के लिए आवेदन किया है। बुधवार को अंतिम दिन तक मात्र 14 हजार लोगों ने ही पैसा जमा किया था। राज्य हज कमेटी के सचिव एसपी तिवारी ने बताया कि हज यात्रियों को अब 25 अगस्त तक पहली किस्त 1,52,300 रुपये हज कमेटी आफ इंडिया मुंबई के स्टेट बैंक आफ इंडिया व यूनियन बैंक आफ इंडिया के खाते में जमा करना है। हज कमेटी की वेबसाइट और हज सुविधा एप पर क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग यूपीआइ के जरिए भी पहली इसे जमा किया जा सकता है। हज यात्रियों के लिए मेडिकल जांच एवं फिटनेस प्रमाणपत्र को सरकारी एलोपैथिक चिकित्सक से प्रमाणित करवाना अनिवार्य है। हज कमेटी के सचिव एसपी तिवारी ने बताया कि हज यात्रियों को प्रमाण पत्र बनवाने में असुविधा न हो, इसके लिए शासन ने सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। हज यात्रियों को धनराशि जमा कर उसकी रसीद व पासपोर्ट की प्रमाणित फोटो कापी, प्रमाणपत्र हज कमेटी आफ इंडिया के पोर्टल पर अपलोड या राज्य हज कमेटी के कार्यालय में डाक के जरिए या खुद जाकर 30 अगस्त तक जमा करना है।

## बिजली दरों को लेकर हो गई फाइनल सुनवाई, अब आयोग सुनाएगा फैसला

संवाददाता





लखनऊ। विद्युत नियामक आयोग में उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि. और उत्तर प्रदेश लोड डिस्पैच सेंटर (यूपीएसएलडीसी) की वार्षिक राजस्व आवश्यक्ता और शुल्क पर सुनवाई हुई। बिजली दरों पर निर्णय से पूर्व की यह अंतिम सुनवाई थी। इस महीने के अंतिम सप्ताह या सितंबर के पहले सप्ताह में आयोग बिजली दरों पर अपना निर्णय दे सकता है।

आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार और सदस्य संजय कुमार सिंह की उपस्थिति में आयोग के सभागार में यह सुनवाई हुई। जिसमें ट्रांसमिशन कारपोरेशन व यूपीएसएलडीसी के निदेशक सुनवाई में शामिल हुए। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि ट्रांसमिशन कारपोरेशन को टैरिफ बेस कंपटीटिव बिडिंग (टीबीसीबी) व्यवस्था पर तत्काल रोक लगानी चाहिए। निगम जिन कामों को 25 प्रतिशत तक कम लागत पर करता था अब वही काम निजी घराने 25 प्रतिशत तक महंगी लागत पर कर रहे हैं।

ट्रांसमिशन कारपोरेशन ने इस बार वार्षिक राजस्व आवश्यकता 6,279 करोड़ रुपये का दाखिल किया है। जिसका भार प्रदेश की जनता पर पड़ेगा। ट्रांसमिशन कारपोरेशन के 132 केवी सब-स्टेशनों की कुल क्षमता 69,232 एमवीए है। यह भार किलोवाट में 6.23 करोड़ होगा। प्रदेश के 3.61 करोड़ विद्युत उपभोक्ता का स्वीकृत भार लगभग 8.17 करोड़ किलोवाट है। गर्मी में बिजली की मांग अधिक होने पर ट्रांसमिशन का सिस्टम कांपने लगता है। उन्होंने कहा कि ट्रांसमिशन निगम पहले रिटर्न ऑफ इक्विटी लाभांश दो प्रतिशत लेता था। इस बार 14.5 प्रतिशत लेने की बात कही गई है। जिससे उपभोक्ताओं पर 1824 करोड़ रुपये का भार आएगा। अवधेश वर्मा ने यूपीएसएलडीसी को स्वतंत्र होकर काम करने की मांग उठाई। कहा कि भारत सरकार द्वारा बनाए गए कानून के तहत 24 घंटे विद्युत आपूर्ति के मामले पर यूपीएसएलडीसी चुप रहता है। बिजली आपूर्ति की मांग होते हुए भी उत्पादन इकाइयों को रिजर्व शटडाउन दिया जाता है, जो गलत है।

## ट्रेन की चपेट में आने से दो युवकों की दर्दनाक मौत

### पुलिस दोस्तों से करेगी पूछताछ

संवाददाता

लखनऊ। बख्शी का तालाब के मामपुर बाना गांव के पास ट्रेन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस उनके दोस्तों से भी पूछताछ करेगी। साथ ही कॉल डिटेल्स से भी घटना को लेकर जानकारी जुटाई जाएगी। बुधवार को दोनों शवों का पोस्टमार्टम होगा। मामपुर बाना गांव स्थित रेलवे पटरी पर मंगलवार की रात निजी स्कूल में पढ़ने वाले बाराबंकी के देवा निवासी 18 वर्षीय अक्षत मौर्य और सीतापुर के हरगांव निवासी 18 वर्षीय करण पटेल की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई थी। पुलिस को छानबीन में शवों के पास से इयरफोन मिले थे। माना जा रहा है कि इयरफोन लगाकर पटरी के पास टहलने के दौरान हादसा हुआ है। हालांकि, दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिवारजन को सौंपा जाएगा। सहायक पुलिस आयुक्त बीकेटी अमोल मुर्कुट ने बताया कि मृतकों के साथ पढ़ने वाले दोस्तों से भी पूछताछ की जाएगी। फिलहाल परिवार की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है लेकिन पुलिस अपने स्तर से छानबीन कर रही है। अगर तहरीर मिलती है तो मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## लखनऊ पीजीआई थाना क्षेत्र में 24 वर्षीय मजदूर ने की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। पीजीआई थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई। यहां एक 24 वर्षीय मजदूर ने बिजली के तार से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान सुनील कुमार के रूप में हुई है। वह संत कबीर नगर के भरवल पर्वता का रहने वाला था।

सुनील एल्डिको की सरस्वती एनक्लेव में टाइल्स लगाने का काम करता था। ठेकेदार अर्जुन के अनुसार, वह 18 अगस्त को काम पर आया था। उनके साथ दो अन्य मजदूर अमरनाथ और शिवकुमार भी काम कर रहे थे, जो 16 अगस्त से वहां थे।

### बिजली के तार से लटका मिला

घटना की रात सभी मजदूर छत पर सो रहे थे। सुबह जब उठे तो सुनील नीचे के फ्लोर में बिजली के तार से लटका मिला। ठेकेदार ने तुरंत शव को नीचे उतरवाया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के जीजा अशोक को भी घटना की जानकारी दे दी गई है। ठेकेदार के मुताबिक सुनील एक लड़की से बात करता था पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## संक्षेप

### युवक ने युवती के साथ की अश्लील हरकते, दर्ज हुआ मुकदमा

बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में मोबाइल नंबर लेकर युवक ने युवती के साथ नजदीकिया बनाकर उसके साथ अश्लील हरकते करने लगा वही युवती का आरोप है कि युवक ने उससे नगदी समेत जेवरात भी ले लिए और उसने शारीरिक संबंध बनाना चाह विरोध करने पर युवक ने उसे जान से मारने की धमकी दी पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी कोतवाली क्षेत्र के कस्बा बीघापुर निवासी एक युवती ने पुलिस को दिए शिकायत पत्र में बताया कि अनुराग सिंह पुत्र सतीश चंद्र कही से मेरा मोबाइल नंबर पाकर मुझे फोन करने लगा बात न करने पर मुझे व मेरे भाई को जान से मार देने की धमकी देने लगा आरोपी ने मुझसे एक सोने की अंगूठी व कान के सुई धागे भी ले लिए कई बार में मुझसे लगभग तीन लाख रुपए भी ले लिए एक दिन उसने मुझे नहर के पास बुलाया और मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश करने लगा विरोध करने पर गंदी गंदी गालियां दी किसी प्रकार वहां से बचाकर अपने घर पहुंची और आप बीती परिजनो को बताया पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

### पारिवारिक कलह से ऊबकर युवक ने निगला जहरीला पदार्थ, हुई मौत

उन्नाव। थाना अचलगंज क्षेत्र के मोहल्ला सनेही नगर निवासी मनोज ने मंगलवार शाम को जहरीला पदार्थ खा लिया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मनोज को पहले लोहचा सीएचसी ले जाया गया। वहां से उन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।मृतक के छोटे भाई शिवा ने बताया कि मनोज की पत्नी कोमल और सास लगातार उनसे झगड़ा करती थीं। मंगलवार को भी झगड़ा हुआ था। इसी मानसिक तनाव के कारण उन्होंने यह कदम उठाया। मनोज अपने पीछे पत्नी, एक बेटा और दो बेटियों को छोड़ गए हैं। परिवार का कहना है कि वह घर का एकमात्र सहारा थे। इंस्पेक्टर अचलगंज राजेश पाठक के अनुसार पुलिस मामले की जांच कर रही है। जहर खाने की वजह और परिस्थितियों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद चलेगा।

### किसान यूनियन अराजनैतिक कार्यकर्ताओं का 26 अगस्त को एक दिवसीय धरना

हसनगंज, उन्नाव। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के बैनर तले तहसील प्रभारी राजेश कुमार के नेतृत्व में विद्युत अधिशासी अभियंता को पत्र देकर बताया कि हसनगंज व नवाबगंज क्षेत्र की विद्युत समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के द्वारा एक दिवसीय धरना 26 अगस्त को कार्यालय के बाहर शांति पूर्ण दिया जाएगा ,इस मौके पर अजय मिश्रा, श्रवण कुमार रहे।

# गंगा नदी का जलस्तर कुछ हुआ कम, खतरा अभी बरकरार

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगा का पानी लगातार बढ़ रहा है। शनिवार रात से गंगा का जलस्तर 113 मीटर से ऊपर बना हुआ है। सोमवार शाम 6 बजे जलस्तर 113.120 मीटर पहुंचा और मंगलवार को 113.130 मीटर दर्ज किया गया। बुधवार सुबह यह थोड़ा घटकर 113.110 मीटर मापा गया, लेकिन खतरा अभी भी बरकरार है। 40 से ज्यादा नावें तैनात, राहत शिविर खाली राजीव नगर खंती, नेतुआ और रेलवे खंती समेत कई इलाकों में पानी भर गया है। कई परिवार अपना घर छोड़कर अस्थायी तंबुओं में रहने को मजबूर हैं। प्रशासन ने राहत शिविरों में भोजन और दवाओं की व्यवस्था की है, लेकिन भीड़, मच्छर और गंदगी के कारण लोग वहां जाने से कतरा रहे



हैं। लेखपाल अशोक सैनी के अनुसार, शुक्लागंज नगर में अब तक करीब 40 नावें लगाई जा चुकी हैं। तीन दर्जन से अधिक नावें पहले ही तैनात थीं ताकि लोगों को आवाजाही में परेशानी न हो। जरूरत पड़ने पर लोग बाढ़ नियंत्रण केंद्र से नाव मंगा सकते हैं।गंगा के खतरे के निशान पार करने से शुक्लागंज और आसपास के ये गांव-मोहल्ले डूबे गोताखोर, कर्बला, हुसैन नगर, चंपापुरवा, मनसुख खेड़ा, तेजीपुरवा, गगनी खेड़ा, इंद्रा नगर, रविदास नगर, श्रीनगर, गंगा नगर, रहमत नगर, भातू फार्म, गायत्री नगर, आजाद नगर, ठाकुर खेड़ा, शारदा नगर, नई बस्ती, विष्णुपुरी, नेतुआ, सरैयां, कटरी पीपर खेड़ा, अखलाक नगर, अवस्थी फार्म हाउस, गुर्री पुरवा, झब्बूपुरवा आदि।राजीव नगर खंती में पहले से ही गंदा पानी भरा था। अब गंगा का पानी घुसने से पूरा इलाका लबालब है। गंदगी और बदबू के चलते लोग तेजी से पलायन कर रहे हैं। कई घरों में रहना मुश्किल हो गया है। अस्पताल और स्टेडियम भी डूबे आजाद नगर ठाकुर खेड़ा स्थित सीएचसी में भी पानी भर गया है। मरीजों को इलाज कराने में दिक्कत हो रही है। वहीं अंबिकापुरम स्थित रामकली स्टेडियम में जलभराव के कारण बच्चों की खेल गतिविधियां ठप हो गई हैं। लोगों की मांग - जल्द व्यवस्थाएं बढ़ाए प्रशासन स्थानीय लोगों ने प्रशासन से नावों की संख्या बढ़ाने, दवाओं की व्यवस्था बेहतर करने और रात में सुरक्षा के इंतजाम करने की मांग की है। गंगा का जलस्तर अगर इसी तरह बना रहा, तो हालात और भी खराब हो सकते हैं।

# डीसीएम व डंपर की आमने सामने भिड़ंत तीन की जिंदा जलकर हुई दर्दनाक मौत

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। बुधवार की अलसुबह बांगरमऊ क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा हो गया जब एक डी सी एम व डंफर में आमने सामने की जबरदस्त भिड़ंत से दोनों वाहनों में आग लग गई इस हादसे में डंफर सवार चालक परिचालक दोनों तथा डी सी एम सवार एक चालक तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई।घटना की सूचना पर दमकल टीम ने आग पर काबू पाया तथा पुलिस ने शवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया है दो मृतकों की पहचान हेतु पुलिस प्रयासरत बनी हुई है।डी सी एम चालक महिपाल 30 वर्ष पुत्र अज्ञात निवासी गहरे की मडिया थाना असमौली जनपद संभल अपने परिचालक भांजे के सोनू पुत्र शंकर सिंह निवासी फतेहपुर उतमां जनपद संभल दोनों मामा भांजे डी सी एम में कुछ केमिकल लेकर मुजफ्फर नगर से कानपुर जा रहे थे तभी बुधवार की सुबह करीब 3 बजे वह बांगरमऊ क्षेत्र में हरदोई उन्नाव मार्ग पर कस्बा गंजमुरादाबाद के निकट मरी कम्पनी



मोड़ नामक स्थान पर पहुंचे थे तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंफर से उनकी आमने सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई इस दुर्घटना के दौरान दोनों वाहनों में आग लग गई जिससे दोनों वाहनों के केबिन धू धूकर जल गए इस दौरान किसी तरह डी सी एम के परिचालक सोनू ने कूदकर जान बचाई जबकि चालक महिपाल व डंफर के चालक परिचालक दोनों कुल तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई।हादसे की सूचना पर दमकल टीम ने पहुंचकर आग पर काबू पाया जबकि पुलिस ने शवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

बांगरमऊ कोतवाल चंद्रकांत सिंह ने बताया कि घटनास्थल का रेस्क्यू कर वाहनों को सुरक्षित स्थान पर खड़ा करवाया गया है तथा एक चालक के साथी द्वारा पहचान बताई गई है जबकि डंफर सवार दोनों मृतकों की पहचान हेतु प्रयास किए जा रहे है।

# नशे में धुत्त दबंगो ने दुकानदार पति-पत्नी को जमकर पीटा

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला प्रेमगंज में एक दुकानदार दंपति पर नशे में धुत युवकों ने हमला कर दिया। घटना मंगलवार रात दस बजे की है।परचून की दुकान चलाने वाली गुड्डी (40) दुकान बंद कर घर जा रही थीं। इसी दौरान मोहल्ले के अंशु पुत्र बबलू सचिन पुत्र रामासरे सूरज पुत्र पप्पू और अंकित उर्फ अनुज पुत्र परमेश्वर दो अन्य साथियों के साथ वहां पहुंचे। नशे में धुत युवकों ने उधार सामान मांगा।गुड्डी ने पहले के 500 रुपए बकाया होने का हवाला देते हुए उधार देने से मना कर दिया। इस पर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शोर सुनकर गुड्डी के पति रामप्रकाश (45) और बेटा अमित बचाने पहुंचे।चार लोगों ने अमित को पकड़ लिया। अंशु ने ईंट से गुड्डी के सिर, मुंह और शरीर पर वार किए। बीच-बचाव कर रहे रामप्रकाश पर भी ईंट से हमला किया गया। किसी तरह दंपति ने अपनी जान बचाई और घर में घुस गए।मोहल्ले के लोगों के पहुंचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घायल दंपति को पहले सीएचसी ले जाया गया, फिर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया कि शिकायत मिली है और जांच की जा रही है। दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# अकबरपुर का नाम अटल नगर रखा जाए, राज्यमंत्री ने की मांग

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। उत्तर प्रदेश की राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने उन्नाव में अकबरपुर का नाम बदलकर अटल नगर करने की मांग की है। उन्होंने निराला प्रेक्षागृह में आयोजित रक्षाबंधन महोत्सव कार्यक्रम में यह बात कही। मंत्री ने शाहजहांपुर के जलालाबाद का नाम परशुरामपुर किए जाने का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि स्थानों के नाम बदलना कोई नई बात नहीं है। यह परंपरा सालों से चली आ रही है। उनके अनुसार ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से ऐसे बदलाव होने चाहिए।कार्यक्रम में मंत्री ने सांसद देवेंद्र सिंह भोले पर निशाना साधा। कानपुर देहात विवाद का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वे ब्राह्मणों के बीच




लड़ाई कराकर फायदा उठाना चाहते हैं। प्रतिभा शुक्ला ने भाजपा कार्यकताओं के सम्मान पर भी बात की। कार्यकताओं से किया संवाद उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता बिना वेतन और आर्थिक लाभ के काम करते हैं। उनका अपमान नहीं होना चाहिए। कार्यकर्ता ही संगठन की असली ताकत हैं। विधायक पंकज गुप्ता के कार्यक्रम में मंत्री ने बहनों से राखी बंधवाई। उन्होंने कार्यकताओं से संवाद भी किया।

# अवैध तमंचा के साथ युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार




अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। गश्त के दौरान पुलिस ने एक हिस्ट्री सीटर युवक को एक अवैध तमंचा के साथ गिरफ्तार किया कोतवाली बीघापुर थाना पुलिस गस्त के दौरान एक मुखबिर की सूचना के आधार पर ग्राम अकवाबाद नेशनल हाईवे के किनारे पहुंची जहां मुखबिर के बताए गए स्थान पर पहुंचकर एक संदिग्ध युवक को देखा पुलिस ने तत्काल उसे गिरफ्तार किया जिसके पास से( HS 36A ) एक तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद किया युवक ने अपना नाम सरवन पुत्र राम किशुन आयु लगभग 37 वर्ष निवासी ग्राम अकवाबाद थाना बीघापुर जिला उन्नाव बताया युवक के खिलाफ पहले से ही अनेको आपराधिक मुकदमा पंजीकृत हैं जिसका नाम हिस्ट्री सीटर के रूप में थाने में अंकित है पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भेजा

# ग्राम प्रधान की दबंगई , अपने गुर्गों के साथ मिलकर रोजगार सेवक को जमकर पीटा, हालत

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। विकास खंड के पीखी गांव में ग्राम प्रधान के भ्रष्टाचार की शिकायत करना रोजगार सेवक को भारी पड़ गया। शिकायत से नाराज प्रधान और उसके सहयोगियों ने रोजगार सेवक पर नहर पुलिया के पास घात लगाकर जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल रोजगार सेवक को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार, पीखी गांव निवासी रोजगार सेवक अब्दुल कलाम पुत्र अब्दुल हसन बुधवार दोपहर को ब्लॉक जा रहे थे। जैसे ही वह गांव के बाहर नहर पुलिया के समीप पहुंचे, तभी ग्राम प्रधान हसीबुद्दीन अपने सहयोगी रियाजउद्दीन, इमरान, चंद आलम, वसीम सहित छह अज्ञात लोगों के साथ वहां पहुंचा। आरोप है कि सभी लाठी-डंडों से लैस होकर पहुंचे और अब्दुल कलाम को रोक लिया। इसके बाद उसे बगल के एक बाग में खींच ले गए और बेरहमी से मारपीट करने लगे। पिटाई इतनी बुरी थी कि पीड़ित बेहोश होकर वहीं गिर पड़ा। हमलावर उसे लहूलुहान छोड़कर मौके से फरार हो गए।चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और गंभीर हालत में पड़े अब्दुल कलाम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।पीड़ित अब्दुल कलाम ने बताया कि गांव के लोगों ने ग्राम प्रधान के भ्रष्टाचार की शिकायत की थी, जिसकी जांच जिलाधिकारी के निर्देश पर कराई गई। जांच में गड़बड़ी पाए जाने पर ग्राम प्रधान के वित्तीय अधिकार सीज कर दिए गए थे। इसी खुन्नस में प्रधान और उसके सहयोगियों ने मौका पाकर उस पर हमला किया।उधर, मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस भी सक्रिय हो गई। प्रभारी निरीक्षक सफीपुर सुब्रत तिवारी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर ग्राम प्रधान हसीबुद्दीन समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना की जांच की जा रही है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।गांव में इस घटना के बाद आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि भ्रष्टाचार का विरोध करने पर ही रोजगार सेवक को साजिशन निशाना बनाया गया। प्रशासन से आरोपी प्रधान और उसके साथियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग उठ रही है।

# हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया जल बिहार कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत कुतुबपुर के हुलासी खेड़ा में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के बाद आयोजित होने वाले जल विहार कार्यक्रम बड़ा उत्साह पूर्वक मनाया गया । कार्यक्रम आयोजक वीर बाबा सेवा सदस्यों ने सुंदर तरीके से जल विहार कार्यक्रम करवाया। जल विहार दौरान राधा कृष्णा, हनुमान,काली जी तथा अन्य देवी देवताओं की सुंदर झांकियों के साथ गाँव का भ्रमण किया गया। कार्यक्रम दौरान दोपहर में बहाई निवासी राजकुमार यादव ने सुंदर आल्हा गायन की प्रस्तुति कर लोगो का दिल जीत लिया। देर शाम भगवान कृष्ण की जल क्रीड़ा सम्पन्न हुई।कार्यक्रम में पहुँचे भगवंतनगर विधायक आशुतोष शुक्ल ने कहा सनातन धर्म की चली आ रही परम्परा को जीवंत रखने में ग्राम



वासियों के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेश बाजपेयी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रकाश सिंह ने भी कमेटी के प्रति आभार जताते हुए कहा इन कार्यक्रमो से आपसी मेलजोल के साथ धार्मिक कार्यो में मन लगाने से मनुष्य कठिन परिस्थितियों में भी विचलित नही होता। रात में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसका लोगों ने रात भर आनंद लिया। इस मौके पर समिति अध्यक्ष दीपक कुमार, राजेश विश्वकर्मा, प्रधान के पी सिंह, गुरुसेवक,मनोज कुमार,विकास कुमार, संदीप कुमार,आशीष आदि लोग मौजूद रहे।

# सई नदी हुई उफान पर सड़कों पर बह रहा है पानी



अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। क्षेत्र में लगातार कई दिनों से सई नदी का जलस्तर बढ़ रहा है जिससे कई सेंटीमीटर सड़क के ऊपर से पानी बह रहा है आने जाने वाले राहगीरों की बहुत ही दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है अधिकांश दिक्कत स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं को हो रहे हैं।हसनगंज तहसील क्षेत्र के मोहान बांगरमऊपर मार्ग से निकला रसूलपुर बकिया संपर्क मार्ग के ऊपर से सई नदी के तेज बहाव के कारण सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। सड़क के ऊपर से तेज बहाव चल रहा है जिसके कारण स्कूल पढ़ने जाने वाले छात्र-छात्राओं से लेकर अन्य राहगीर जान जोखिम में डालकर निकल रहे है।मामले की जानकारी मिलने के बाद नायब तहसीलदार प्रीति सिंह ने राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचकर सई पर बने पुल पर बैरिकेडिंग लगा कर रास्ते को बंद कर दिया।

# तीन घरों में लगी आग, हजारों की गृहस्थी जलकर हुई राख

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के नरहरपुर गांव में तीन घरों में आग लगने से हड़कंप मच गया। विकास पुत्र सीताराम के घर में संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग ने पड़ोस के दो और घरों को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के समय घरों के पुरुष सदस्य खेतों में काम कर रहे थे। घर पर मौजूद बच्चों ने शोर मचाया। घरों में रखा सामान जला आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। तब तक घरों में रखा सामान जल चुका था। विकास के घर में गेहूं, लाही, पंखा, चारपाई, बिस्तर, गद्दा और दस हजार रुपए नकद जल गए। सीताराम पुत्र दुलम के घर का गृहस्थी सामान नष्ट हो गया।बउवा पुत्र दुलम के घर में रखा सामान और छप्पर में रखे 3,700 रुपए भी जल



गए। प्रशासन की ओर से एसडीएम शिवेंद्र वर्मा के निर्देश पर लेखपाल शिवकांति ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन किया। लेखपाल ने बताया कि तीनों परिवारों को मिलाकर लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने पीड़ितों को जल्द आर्थिक सहायता का आश्वासन दिया। ग्रामीणों का कहना है कि आग पर काबू पाने में थोड़ी देर होती तो और घर भी इसकी चपेट में आ सकते थे। पीड़ित परिवार मलबे में बचे सामान की तलाश और प्रशासन से मदद की उम्मीद में हैं।

# घर में घुसकर चोरों ने पार कर दिया सोने चांदी के जेवरात

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। कोतवाली गंगाघाट क्षेत्र के त्रिभुवनखेड़ा में चोरों ने दीवार फांदकर छत के रास्ते घर में प्रवेश किया। चोरों ने मंजीत पाल के घर को निशाना बनाया। जहां चोरों ने मंजीत की पत्नी रानी और चार माह का बेटा सो रहे थे और नकाबपोश चोरों ने घर में घुसकर होकर अलमारी में रखी लाखों की ज्वैलरी लेकर फरार हो गए। जिसकी सूचना परिजनों ने पुलिस को दी जहां पुलिस मौके पर पहुंच जांच पड़ताल में जुटी हुई है वही पीड़ित युवक



मंजीत पाल ने बताया कि सुबह जब नीद खुली तो मां माया देवी ने आवाज दी तब दरवाजा खोला और कमरे का सामान बिखरा देख और अलमारी का सामान पड़ा देख होश उड़ गए। वही परिजनों ने बताया कि चोर अलमारी से सोने के हार, मांग टीका, झुमके, पायल, कंगन, कान के झाले, बच्चे का गले का हार और चांदी की राखी लेकर फरार हो गए। सुबह जब मंजीत की मां माया देवी ने आवाज दी, तब यह घटना सामने आई। जाजमऊ चौकी प्रभारी विनय कुमार यादव मौके पर पहुंचकर जांच कर रहे हैं। पुलिस हाईवे पर लगेसीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# चोरी की घटना निकली झूठी बेटे ने ही छिपाए थे जेवरात

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। थाना कोतवाली सदर क्षेत्र के मसवासी गांव निवासी मंजू देवी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी उन्होंने बताया था कि बीते रविवार रात करीब एक बजे चोर उनके घर में घुसे। चोर टेडी बियर ले गए, जिसमें सोने-चांदी के गहने छिपाकर रखे थे। कोतवाली सदर पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की। सीओ सिटी दीपक यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जब छानबीन की तो चौंकाने वाला सच सामने आया। चोरी की वारदात घर के बेटे सौरभ ने ही अंजाम दिया था।पूछताछ में सौरभ ने बताया कि वह विदेश जाकर काम करना चाहता था। इसके लिए उसे पैसों की जरूरत थी। घरवालों ने उसकी मांग मान नहीं की। इसके बाद उसने योजना बनाकर घर के गहने चुराए। गहनों को छत पर छिपा दिया।



पुलिस को गुमराह करने के लिए चोरी की झूठी सूचना दे दी। पुलिस ने सौरभ की निशानदेही पर छत से सभी गहने बरामद कर लिए। गहने परिजनों को सौंप दिए गए। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। शुरू में लोगों को बड़ी चोरी की वारदात लगी, लेकिन सच सामने आने पर सभी हैरान रह गए।

## सम्पादकीय

# परवान नहीं चढ़ रहीं रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध विराम की कोशिशें

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बड़बोलापन अमेरिका को ही भारी पड़ रहा है। टैरिफ वार की सनक के चलते जहां अमेरिका की वैश्विक प्रतिष्ठा धूमिल हो रही है, वहीं अमेरिकियों को महंगाई की आंच सहन करनी पड़ रही है। ब्याज के मुद्दे पर ट्रंप की अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेड रिजर्व से ठनी हुई है, तो रूस व यूक्रेन के बीच जारी जंग को खत्म कराने के उनके वादे खोखले साबित हो रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप की रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात पर दुनिया की नजरें थीं, लेकिन इस मुलाकात से कुछ निकला नहीं। रूस व यूक्रेन के बीच युद्ध विराम को लेकर कोई समझौता नहीं हो सका। बैठक से पहले ट्रंप अपने सोशल मीडिया ट्रूथ सोशल अकाउंट पर बड़े दावे कर रहे थे कि वह यूक्रेन में युद्धविराम देखना चाहते हैं और यदि इस पर सहमति नहीं बनी तो वह खुश नहीं होंगे, लेकिन मंझे हुए नेता पुतिन के साथ उनकी दाल नहीं गली। यूक्रेन का भूगोल बदलने की रूसी मंशा किसी भी नतीजे पर पहुंचने की राह में सबसे बड़ी बाधा है। इस बैठक को लेकर यूक्रेन पहले से सशंकित था और चाहता था कि उनकी उपस्थिति के बिना रूस के साथ कोई निर्णायक बात न हो और ट्रंप कुछ भी एकतरफा वादा न करें। ऐसे में ट्रंप व पुतिन की अलास्का वार्ता के बेनतीजा रहने से यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने राहत की सांस ली होगी। इस वार्ता से पहले जेलेंस्की ने कहा था कि यूक्रेन की भागीदारी के बिना रूस के साथ कोई भी वार्ता नहीं होनी चाहिए व जमीन अदला-बदली को यूक्रेन नहीं मानेगा। यूरोपीय संघ भी यूक्रेन के साथ है और वह भी चाहता था कि वार्ता सभी संबंधित पक्ष की मौजूदगी में हो। आज सोमवार को राष्ट्रपति ट्रंप यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ यूरोपीय संघ के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में बैठक करेंगे, इसमें युद्ध विराम के लिए रूपरेखा पर बात होगी। ट्रंप पुतिन की मंशा को केंद्र में रखकर अगर यूक्रेन व ईयू से बात करेंगे, तो इसमें भी कुछ नतीजा की उम्मीद नहीं है। रूस यूक्रेन के चार सीमाई क्षेत्र पर कब्जे को लेकर अडिग है, यूक्रेन किसी भी स्थिति में अपना क्षेत्र गंवाना नहीं चाहता है। यूक्रेन को ईयू का शह भी प्राप्त है। अमेरिका के पास भी रूस व यूक्रेन दोनों को मान्य कोई योजना नहीं है, यह अब तक साफ हो चुका है। ट्रंप दबाव डाल कर युद्ध विराम चाहते हैं, पर यह कोई कूटनीतिक तरीका नहीं है। ट्रंप का रूस पर दबाव बनाने के लिए टैरिफ दांव भी काम करता नहीं दिख रहा है, इसलिए यूक्रेन व ईयू के साथ ट्रंप की बैठक में किसी बिंदु पर सहमति बनने की संभावना कम प्रतीत हो रही है। हालांकि इस बैठक के बाद ट्रंप पुतिन के साथ मास्को में बैठक कर सकते हैं, लेकिन यह इस वार्ता पर निर्भर करेगा। बेशक ट्रंप चाहते हैं कि यूक्रेन व रूस के बीच जारी जंग खत्म हो जाए, पर इसके लिए वार्ता ही काफी नहीं है। अमेरिका व ईयू का जब तक रणनीतिक रवैया नहीं बदलेगा, तब तक सुलह की उम्मीद नहीं कर सकते। सबसे पहले अमेरिका और ईयू यूक्रेन को सामरिक व आर्थिक मदद देना बंद करें, यूक्रेन को नाटो में शामिल कराने का भूत छोड़ दें और यूक्रेन के कंधे से रूस के विनाश का स्वप्न देखना छोड़ दें। यूक्रेन सोवियत संघ से अलग हुआ देश है, इसलिए उसकी आत्मा कभी भी यूएस व ईयू के साथ घुलमिल नहीं सकेगी। यह बात यूक्रेन को भी समझनी चाहिए और यूएस-ईयू को भी। भारत ने हमेशा शांति की वकालत की है और यूक्रेन व रूस के बीच वार्ता के जरिये जंग खत्म करने की चाहत प्रकट की है। पीएम नरेन्द्र मोदी अभी पुतिन से मिले हैं और जेलेंस्की से फोन पर बात की है। इन प्रयासों से जंग खत्म होने का रास्ता निकलना चाहिए।



आर्थिकी
सतीश सिंह



# मजबूत होती बैंकिंग इंडस्ट्री

वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने 15 अगस्त को भारत के 10 बैंकों की रेटिंग का उन्नयन किया, जिनमें भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक,एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और इंडियन बैंक शामिल हैं। इसके अलावा, बजाज फाइनेंस, टाटा कैपिटल और एलएंडटी फाइनेंस की रेटिंग का भी उन्नयन किया गया। रेटिंग उन्नयन यह दर्शाता है कि बैंकों और वित्तीय संस्थानों कीवित्तीयस्थितिबेहतरहुईहैऔरवे बेहतरी के सभी पैमानों पर बेहतर कार्य कर रहे हैं। इससे बैंकों के ब्रांड इमेज में भी बेहतरी आयेगी, जिसका फायदा लंबी अवधि में बैंकों और वित्तीय संस्थानों को मिलेगा। गौरतलब है कि 14 अगस्त को वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने भारत की सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग में 18 सालों के बाद उन्नयन किया था। नई रेटिंग "बीबीबी"दर्शाता है कि देश के पास अपने कर्ज दायित्वों को आसानी से पूरा करने की क्षमता में सुधार हुआ है। अब भारत की रेटिंग मैक्सिको, इंडोनेशिया और ग्रीस के समान स्तर पर आ गई है। एजेंसी ने भारत की आर्थिक मजबूती, बेहतर राजकोषीय नीतियों और सार्वजनिक खर्च की गुणवत्ता में सुधार को इस उन्नयन का आधार बताया है।वैसे,भारत की मजबूत मौद्रिक नीतियां और नियंत्रित मुद्रास्फीति ने भी इस उन्नयन में अहम भूमिका निभाई है। कुछ दिनों पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारतीय उत्पादों पर 27 अगस्त से 50 प्रतिशत टैरिफ आरोपित करने की घोषणा की थी साथ ही साथ भारतीय अर्थव्यवस्था को मृतप्राय कहा था। बहरहाल, रेटिंग में उन्नयन से ट्रंप के बयान को करारा जबाव मिला है। पुनश्चः एजेंसी के अनुसार, ट्रंप के बयान से भारतीय अर्थव्यवस्था को महज अल्प अवधि के लिए नुकसान हो सकता है, वह भी आशिंक स्तर पर।लंबे समय में भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी रहेगी। इतना ही नहीं,इस रेटिंग उन्नयन से देसी और अंतरराष्ट्रीय निवेशक दोनों भारत में निवेश करने के लिए प्रेरित होंगे का भी अनुमान है। वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था के लगातार मजबूत बने रहने से बैंकिंग इंडस्ट्री को लाभ हो रहा है।सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक की समीचीन मौद्रिक नीति से महंगाई नियंत्रण में है और बैंकों के क्रेडिट ग्रोथ में इजाफा हो रहा है।साथ ही, इससे निवेश, खर्च और आर्थिक गतिविधियों में तेजी आ रही है। गुलाबी अर्थव्यवस्था से भारतीय बैंकों को विदेश में अपने कारोबार को बढ़ाने में मदद मिल रही है।बैंकों के गैर निष्पादित आस्तियों (एनपीए) में कमी आ रही है और उनके कारोबार और मुनाफे में मुसलसल इजाफा हो रहा है। साथ ही, देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत बने रहने में मदद मिल रही है।इसतरह,बैंक और अर्थव्यवस्था के बीच अन्योन्याश्रय संबंध है और दोनों के मजबूत रहने से देश के विकास को रफ़्तार मिल रही है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने 1.78 लाख करोड़ रुपए का मुनाफा अर्जित किया था,जो वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में 26 प्रतिशतअधिक है।इससे पहले वित्त वर्ष 2023-24 में सभी 12 सरकारी बैंकों का कुल मुनाफा 1.41 लाख करोड़ रुपए रहा था।इसतरह, बैंकों के मुनाफे में विगत वित्त वर्ष में लगभग 37,100 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई.इस रिकॉर्ड लाभ में सबसे बड़ा योगदान देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक का रहा, जिसने अकेले 70,901 करोड़ रुपए का मुनाफा अर्जित किया, जो बीते वर्ष की तुलना में 16 प्रतिशत अधिक है और कुल सरकारी बैंकों के मुनाफे के 40 प्रतिशत से अधिक है।वहीं,प्रतिशत में सबसे अधिक लाभ पंजाब नेशनल बैंक ने अर्जित किया, जो 102 प्रतिशत है और यह राशि में 16,630 करोड़ रुपए है।इसके बाद पंजाब एंड सिंध बैंक के मुनाफे में 71 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो राशि में 1,016 करोड़ रुपये है। इसके अतिरिक्त,सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, यूको बैंक और बैंक ऑफ इंडिया ने 40 प्रतिशत से अधिक की वार्षिक वृद्धि दर्ज की, जबकि बैंक ऑफ महाराष्ट्र और इंडियन बैंक ने क्रमशः 36.1 प्रतिशत और 35.4 प्रतिशत की वृद्धि मुनाफे में दर्ज की।यह उपलब्धि इसलिएमहत्वपूर्ण है, क्योंकि वित्त वर्ष 2017-18 में सरकारी बैंकों को सामूहिक रूप से 85,390 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था।



एनसीईआरटी
प्रमोद भार्गव

एनसीईआरटी द्वारा विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस के मौके पर जारी एक विशेष पाठ में भारत के बंटवारे के लिए मोहम्मद अली जिन्ना, कांग्रेस और तत्कालीन ब्रिटिश वायसराय लार्ड माउंटबेटन को जिम्मेदार ठहराया गया है। यह भी उल्लेख है कि विभाजन के बाद कश्मीर नई समस्या के रूप में पेश आया। इसने देश की विदेश नीति के लिए चुनौती बनाए रखी। नतीजतन कुछ देश पाकिस्तान को सहायता देते रहते हैं और कश्मीर मुद्दे के नाम पर भारत पर दबाव बनाते रहते हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ विभाजन तो आधा सच है, पूरा सच तो देश के 652 टुकड़े कर देने का बन गया था, जिसे पटेल ने संभाला और रियासतों का विलय भारतीय गणतंत्र में हो पाया।

# भारत के विभाजन के दोषी कौन

भारत में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस के मौके पर जारी एक विशेष पाठ में भारत के बंटवारे के लिए मोहम्मद अली जिन्ना, कांग्रेस और तत्कालीन ब्रिटिश वायसराय लार्ड माउंटबेटन को जिम्मेदार ठहराया गया है। पाठ में यह भी उल्लेख है कि विभाजन के बाद कश्मीर नई समस्या के रूप में पेश आया। भारत में यह समस्या पहले कभी मौजूद नहीं थी। इसने देश की विदेश नीति के लिए चुनौती बनाए रखी। नतीजतन कुछ देश पाकिस्तान को सहायता देते रहते हैं और कश्मीर मुद्दे के नाम पर भारत पर दबाव बनाते रहते हैं। वस्तुतः 'भारत का विभाजन गलत विचारों के कारण हुआ। भारतीय मुसलमानों की पार्टी मुस्लिम लीग ने 1940 में लाहौर में एक सम्मेलन आयोजित किया। इसमें जिन्ना ने कहा कि हिंदू और मुसलमान दो अलग-अलग धार्मिक दर्शन, सामाजिक रीति-रिवाज से संबंधित हैं। अतएव एक साथ नहीं रह सकते।' एनसीईआरटी के विशेष पाठ में 'विभाजन के अपराधी' शीर्षक वाले खंड में कहा है कि 'अंततः 15 अगस्त 1947 को भारत का बंटवारा हुआ। किंतु यह किसी एक व्यक्ति का काम नहीं था। इसके लिए तीन कारण जिम्मेदार थे, एक जिन्ना, जिन्होंने बंटवारे की मांग की। दूसरे कांग्रेस, जिसने बंटवारे को स्वीकार किया और तीसरे माउंटबेटन जिन्होंने इस पर अमल किया। माउंटबेटन एक बड़ी भूल के दोषी साबित हुए।'

एनसीईआरटी ने उक्त दो पार्ट छापे हैं। इनमें छठी कक्षा से आठवीं के लिए और नौवीं कक्षा से बारहवीं के लिए एक-एक पाठ हैं। ये अंग्रेजी और हिंदी में पूरक पाठ हैं, नियमित पाठ्य पुस्तकों में नहीं हैं। इसलिए इनका प्रयोग परियोजनाओं, पोस्टरों और वाद-विवादों के माध्यम से किया जाना है। ये दोनों पाठ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2021 में दिए गए संदेश के साथ शुरू होते हैं, जिसमें विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस मनाने की घोषणा की गई थी। साफ है, ये पाठ पूरे देश में वाद-विवाद का ऐसा हिस्सा बनें, जिससे लोग जान सकें कि वास्तव में विभाजन के अपराधी कौन हैं। केंद्र सरकार इस उद्देश्य की पूर्ति में सफल होती दिख रही है। दरअसल स्वतंत्रता संघर्ष के बीच महात्मा गांधी ने आत्मविश्वास से कहा था कि 'अगर कांग्रेस बंटवारे को स्वीकार करना चाहती है तो उसे मेरी लाश के ऊपर से गुजरना होगा। जब तक मैं जीता हूं, मैं कभी भी हिन्दुस्तान का बंटवारा स्वीकार नहीं करूंगा और जहां तक मेरा वश चलेगा, कांग्रेस को भी स्वीकार नहीं करने दूंगा।' अलबत्ता ऐसा एकाएक क्या हुआ कि जवाहरलाल नेहरू और सरदार वल्लभ भाई पटेल को बंटवारे के समर्थन में खड़े होना पड़ गया। लार्ड माउंटबेटन से पहली मुलाकात में ही गांधी उनके वाग्जाल की गिरफ्त में ऐसे आए कि उनकी प्राण जाए, पर वचन न जाए, की वचनबद्धता भंग हो गई। कांग्रेस मुस्लिम अलगाववाद के आगे घुटने टेकती चली गई। नतीजतन भारत और पाकिस्तान स्वतंत्रता अधिनियम पर ब्रिटिश संसद में मोहर लगा दी गई। ब्रितानी हुकूमत में औपनिवेशिक दासता झेल रहे अखंड भारत को विभाजित कर दो स्वतंत्र देश बनाकर पृथक-पृथक सत्ता का हस्तांतरण करने का निर्णय ले लिया। संपूर्ण सत्ता सौंपने का दिन 14 अगस्त 1947 निश्चित किया। यह दिन भी एक तरह से दोनों देशों के स्वतंत्रता सेनानियों को चिढ़ाने की दृष्टि से मुकर्रर किया



गया, क्योंकि इसी दिनांक को जापान मित्र देशों के समक्ष आत्मसमर्पण करने को मजबूर हुआ था। अंग्रेजों द्वारा अपनी सत्ता कायम रखने की दृष्टि से बंगाल विभाजन एक ऐसा षड्यंत्रकारी घटनाक्रम रहा जो भारत विभाजन की नींव डाल गया। इस बंटवारे के फलस्वरूप अंग्रेजों के विरुद्ध ऐसी उग्र जनभावना फूटी की बंग-भंग विरोध में एक बड़ा आंदोलन खड़ा हो गया।

दरअसल जब गोरी पलटन ने समूचे भारत को अपनी अधीनता में ले लिया, तब क्रांतिकारी संगठनों और विद्रोहियों के साथ कठोरता बरतने के लिए 30 सितंबर 1898 को भारत की धरती पर वाइसराय लॉर्ड कर्जन के पैर पड़े। कर्जन को 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से प्रेरणा ले रहे क्रांतिकारियों के दमन के लिए भेजा गया था। इस संग्राम पर नियंत्रण के बाद फिरंगी इस बात को लेकर चिंतित व सर्तक थे कि कहीं इसकी राख में दबी चिंगारी फिर न सुलग पड़े। क्योंकि अंग्रेज भली भांति जान गए थे कि 1857 का सिलसिला टूटा नहीं है। अंग्रेजों को यह भी शंका थी कि कांग्रेस इस असंतोष को पनपने के लिए खाद-पानी देने का काम कर रही है। कर्जन ने अंग्रेजी सत्ता के संरक्षक बने मुखबिरों से ज्ञात कर लिया कि इस असंतोष को सुलगाए रखने का काम बंगाल से हो रहा है। वाकई स्वतंत्रता की यह चेतना बंगाल के जनमानस में एक बेचैनी बनकर तैर रही थी। यह बेचैनी 1857 के संग्राम जैसे रूप में फूटे, इससे पहले कर्जन ने कुटिल क्रूरता के साथ 1905 में बंगाल के दो टुकड़े कर दिए। जबकि इस बंग-भंग का विरोध हिंदू और मुसलमानों ने अपनी जान की बाजी लगाकर किया था। इस बंटवारे का मुस्लिम बहुल क्षेत्र को पूर्वी बंगाल और हिंदू बहुल इलाके को बंगाल कहा गया। अर्थात जिस भूखंड पर हिंदू-मुस्लिम संयुक्त भारतीय नागरिक के रूप में रहते चले आ रहे थे, उनका मानसिक रूप से सांप्रदायिक विभाजन कर दिया। इस विभाजन से सांप्रदायिक भावना की एक तरह से बुनियाद डाल दी गई, वहीं दूसरा इसका सकारात्मक परिणाम यह निकला कि पूरे भारत में अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष तेज हो गया। लेकिन कर्जन ने इसे कुटिल चतुराई से मुस्लिम लीग की स्थापना में बदल दिया। यही नहीं, कर्जन ने अपने वाकचातुर्य से ढाका के नवाब सलीमुल्ला को बंगाल विभाजन का समर्थन और अचानक उदय हुए स्वदेशी आंदोलन का बहिष्कार करने के लिए राजी कर लिया। सलीमुल्ला कर्जन से इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने सक्रिय होकर कुछ नवाबों को बरगलाकर दिसबंर 1906 में मुस्लिम लीग संगठन खड़ा कर दिया। स्वदेशी आंदोलन को विफल करने के लिए अंग्रेज अधिकारियों ने सलीमुल्ला के साथ मिलकर हिंदू-मुस्लिमों के बीच संप्रदाय के आधार पर दंगे भड़काने का काम भी शुरू कर दिया। यहीं से हिंदुओं की हत्या करने और उनकी संपत्ति लूटने व हड़पने का सिलसिला शुरू हो गया।

नतीजतन मुस्लिम नेता पूरी ताकत से बंटवारे के समर्थन में आ खड़े हुए। लॉर्ड माउंटबेटन इतना चतुर निकला कि उसने विभाजन के लिए जिन्ना, नेहरू, पटेल और यहां तक की गांधी को भी मना लिया। भारत को दो स्वतंत्र राष्ट्रों में भारत और पाकिस्तान में विभाजित कर दिया गया। यही नहीं पंजाब और बंगाल को भी कपड़े की तरह दो टुकड़ों में चीर दिया गया,जिससे भारत हमेशा गृह कलह की आंच से सुलगता रहे। ब्रिटिश अधिकारियों ने जानबूझ कर 652 भारतीय रियासतों की प्रभुसत्ता उन्हें वापस सौंप दी। उन्हें भारत या पाकिस्तान मिल जाने की छूट तो थी ही, स्वतंत्र राष्ट्र बने रहने की छूट भी दे दी गई थी। अर्थात भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ विभाजन तो आधा सच है, पूरा सच तो देश के 652 टुकड़े कर देने का बन गया था। जिसे पटेल ने संभाला और रियासतों का विलय भारतीय गणतंत्र में हो पाया। यह ऐतिहासिक सत्य है, जो स्वतंत्रता आंदोलन की इतिहास पुस्तकों में पूर्व से ही दर्ज है।

## गलत सोच का चश्मा जल्दी उतार देना चाहिए



संकलित
दर्शन

जब सोच निषेधात्मक या गलत होती है, तब वह सुख को भी दुख में परिवर्तित कर देती है। गलत सोच का चश्मा जितनी जल्दी हो, उतार देना चाहिए। बुरे विचार जितना दूसरों का नुकसान करते हैं, उतना ही स्वयं का भी करते हैं। कारण अपनी ही सुरक्षा को लेकर डरा दिमाग ढंग से नहीं सोच पाता। हम स्वार्थी हो जाते हैं, केवल अपने बारे में ही सोचते हैं। कहा गया है कि आपके विचार वहां तक ले जाते हैं, जहां आप जाना चाहते हैं। पर कमजोर विचारों में दूर तक ले जाने की ताकत नहीं होती। हम जो हैं वह सब विचारों का फल है। जो हम सोचते हैं, वही बन जाते हैं। मनुष्य अपने कार्यों से दूसरों को नुकसान पहुंचाता है और अपने विचारों से स्वयं को। गलत सोच एवं अनैतिक कार्यों में लिप्त लोगों को धनवान और प्रतिष्ठित होते देख आदमी में नकारात्मक चिंतन जागता है। अपनी ईमानदारी उसे मूर्खतापूर्ण लगती है। वह पुनर्चिंतन करता है-क्या मिला मुझे आदर्शों पर चलकर? यह नकारात्मक चिंतन उसे भी गलत सोच के दलदल में उतार देता है। समाज में भ्रष्ट और बेईमान लोगों की उत्पत्ति इसी तरह के गलत विचारों के संक्रमण से हुई। इस तरह का गलत सोच हमारी दुनिया को छोटा कर देता है। भीतर और बाहरी दोनों ही दुनिया सिमट जाती हैं। तब हमारी छोटी-सी सफलता अहंकार बढ़ाने लगती है। थोड़ा-सा दुख अवसाद का कारण बन जाता है। कुल मिलाकर सोच ही गड़बड़ हो जाता है। अपने ही बोले हुए को सुनते रहना ज्यादा सीखने नहीं देता। हमारा चिंतन गुणों की ओर केंद्रित रहना चाहिए।

## अपनी गठरी टटोलें



संकलित
प्रेरणा

दो आदमी यात्रा पर निकले! दोनों की मुलाकात हुई, दोनों का गंतव्य एक था तो दोनों यात्रा में साथ हो चले। सात दिन बाद दोनों के अलग होने का समय आया तो एक ने कहाः भाई साहब! एक सप्ताह तक हम दोनों साथ रहे क्या आपने मुझे पहचाना? दूसरे ने कहाः नहीं, मैंने तो नहीं पहचाना। पहला यात्री बोलाः महोदय मैं एक नामी ठग हूँ परन्तु आप तो महाठग हैं। आप मेरे भी गुरू निकले। दूसरा यात्री बोलाः कैसे? पहला यात्रीः कुछ पाने की आशा में मैंने निरंतर सात दिन तक आपकी तलाशी ली, मुझे कुछ भी नहीं मिला। इतने दिन साथ रहने के बाद मुझे यह पता है आप बहुत धनी व्यक्ति हैं और इतनी बड़ी यात्रा पर निकले हैं तो ऐसा कैसे हो सकता है कि आपके पास कुछ भी नहीं है? बिल्कुल खाली हाथ हैं! दूसरा यात्रीः मेरे पास एक बहुमूल्य हीरा है और थोड़ी-सी रजत मुद्राएं भी है। पहला यात्री बोलाः तो फिर इतने प्रयत्न के बावजूद वह मुझे मिले क्यों नहीं? दूसरा यात्रीः मैं जब भी बाहर जाता, वह हीरा और मुद्राएं तुम्हारी पोटली में रख देता था और तुम सात दिन तक मेरी झोली टटोलते रहे। अपनी पोटली सँभालने की जरूरत ही नहीं समझी। तो फिर तुम्हें कुछ मिलता कहाँ से! ईश्वर नित नई खुशियाँ हमारी झोली में डालते हैं परन्तु हमें अपनी गठरी पर निगाह डालने की फुर्सत ही नहीं है, यही सबकी मूलभूत समस्या है। जिस दिन से इंसान दूसरे की ताकझाख बंद कर देगा उस क्षण सारी समस्या का समाधान हो जाएगा। अपनी गठरी टटोलें! जीवन में सबसे बड़ा गूढ मंत्र है स्वयं को टटोले और जीवन-पथ पर आगे बढ़े सफलताएं आप की प्रतीक्षा में है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### साइबर क्राइम के बढ़ते कदम रोकने होंगे

जिस गति से साइबर क्राइम बढ़ रहा है, यह आम आदमी के लिए एक मुसीबत बन गई है और लुटेरों के लिए जैसे मनोरंजन और लॉटरी लगी है। हैरानी इस बात की है कि इस मर्ज की दवा किसी के पास नहीं। किसी को जब चाहें, अपराधी बंधक बना कर सब कुछ लूट लेते हैं और उनका कुछ भी बिगाड़ नहीं सकते। देश में बड़ी संख्या में लोग इस क्राइम के शिकार हो रहे हैं। यह अत्यंत गंभीर समस्या है और इससे आंख नहीं फेरी जा सकती। जहां डिजिटलाइजेशन के अनेक लाभ हैं, इससे कई गुणा हानियां भी हैं। द्वंद्व यह है कि इसे अपनाएं या नहीं? इस पर सभी को गंभीरता एवं शीघ्रता से समाधान निकालना होगा। आज नहीं तो कल हर कोई इसका शिकार होगा। यह एक चुनौती भी है। सभी को सचेत रहना होगा।

-प्रवीण वर्मा, गरियाबंद

## करंट अफेयर

### एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल से नहीं घटता वाहनों का माइलेज

पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण वाले ईंधन ''ई-20'' के इस्तेमाल से वाहनों का माइलेज घटने की चर्चाओं के बीच पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा कि ईंधन दक्षता में भारी गिरावट आने की आशंकाएं निराधार हैं और इस ईंधन से वाहन बेहतर प्रदर्शन भी देता है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि गन्ना या मक्का से निकाले गए 20 प्रतिशत एथेनॉल और 80 प्रतिशत पेट्रोल के मिश्रण का राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रदूषण कम करने और किसानों की आमदनी बढ़ाने के उद्देश्य से है, जिसे कुछ लोग गलत सूचना फैलाकर पटरी से उतारने की कोशिश कर रहे हैं।



## ऑफ बीट

### कुत्ते पढ़ सकते हैं आपका दिमाग और चेहरा

जब आप रोते हैं तो आपका कुत्ता अपना सिर झुका लेता है, जब आप तनाव में होते हैं तो इधर-उधर टहलता है, और आपके सबसे बुरे पलों में किसी न किसी तरह आपके पास होता है। यह महज संयोग तो नहीं हो सकता। हजारों सालों के सह-विकास ने कुत्तों को हमारी आवाजों, चेहरों और यहां तक कि मस्तिष्क के रसायन विज्ञान को समझने के खास तरीके दिए हैं। हमारी बातचीत को समझने वाले मस्तिष्क के क्षेत्रों से लेकर हमारी नजरें मिलाने पर बढ़ने वाले 'लव हार्मोन' या ऑक्सीटोसिन तक, आपके कुत्ते का दिमाग आपकी भावनाओं को समझने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस असाधारण भावनात्मक बुद्धिमत्ता का प्रमाण मस्तिष्क में ही शुरू होता है।



## ट्रेंड

### राहत और बचाव कार्य जारी

कठुआ में बादल फटने की घटना के संबंध में जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री से बात की। स्थानीय प्रशासन द्वारा राहत और बचाव कार्य जारी हैं और एनडीआरएफ की टीमें भी घटनास्थल पर पहुंच गई हैं। हम जम्मू-कश्मीर वासियों के साथ मजबूती से खड़े हैं।



-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### मूल्यानुगत शिक्षा

जब हम आंतरिक शांति की बात करते हैं तो मूल्यानुगत शिक्षा को देखना भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज की तनावभरी जिंदगी में मानवीय मूल्यों से जुड़ी शिक्षा का होना अत्यंत आवश्यक है।



-जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### वोट चोरी की साज़िश

गरीब की ताकत है उसका वोट - यही उसका हक़, उसकी आवाज, उसकी पहचान है। आज वही ताक़त छीनी जा रही है, एसआईआर के जरिए देश में वोट चोरी की साजिश चल रही है। हम हर कीमत पर वोट चोरी रोकेंगे !



-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### आमूलचूल परिवर्तन

चुनाव आयोग को सुधार हीं नहीं, आमूलचूल परिवर्तन की अपरिहार्यता है। आज लोकतंत्र को बचाने का ऐतिहासिक दायित्व उनके कंधों पर है। माना उनके ऊपर कई प्रकार के अवांछित दबाव काम कर रहे हैं लेकिन वो ये न समझें कि वो अकेले हैं।



-अखिलेश यादव, सांसद, सपा

## संक्षेप

### विधायक और उनके साथियों पर रंगदारी मांगने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, एक सड़क निर्माण कंपनी की डायरेक्टर ने स्थानीय विधायक और उनके साथियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सिद्धार्थ इन्फ्राहाइट प्राइवेट लिमिटेड की डायरेक्टर ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत पत्र सौंपा है। कंपनी को पीडब्ल्यूडी से वित्तीय वर्ष 2024-25 में विरसिंहपुर-पापरघाट शाहपुर हरवंशपुर मार्ग का निर्माण कार्य मिला है। यह कार्य चैनेज 14.600 से 22.200 (बाबा चौरासी आश्रम धाम) तक है। आरोप है कि कार्य शुरू होते ही विधायक राज बाबू उपाध्याय ने कंपनी के मैनेजर अनिल वर्मा को बुलाया। उन्होंने कहा कि उनकी अनुमति के बिना क्षेत्र में कोई काम नहीं हो सकता। साथ ही 25 लाख रुपए की मांग की। कंपनी द्वारा मांग को ठुकराने पर 16 अगस्त 2025 को विधायक खुद साइट पर पहुंचे। उन्होंने मैनेजर और कर्मचारियों को गालियां दीं और धमकियां दीं।

### चेहल्लुम पर निकला जुलूस

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, कोइरीपुर नगर पंचायत में सोमवार को चेहल्लुम के अवसर पर लोगों ने जुलूस निकाला। जुलूस गांधीनगर से शुरू होकर शास्त्री नगर और चौक होते हुए कब्रिस्तान के पास समाप्त हुआ। श्रद्धालु नौहा-ख़्वानी और मातम करते हुए चल रहे थे। जुलूस के दौरान हुसैन के नारों से पूरा नगर गुंजायमान हो उठा। बड़ी संख्या में लोगों ने इसमें हिस्सा लिया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन सतर्क रहा। कोइरीपुर चौकी प्रभारी वेद प्रकाश शर्मा और चांदा इंस्पेक्टर सहित पर्याप्त पुलिस बल मौजूद था। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी की गई। नगर पंचायत ने मार्ग पर साफ-सफाई और पेयजल की व्यवस्था की। धर्मगुरुओं ने बताया कि चेहल्लुम हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद दिलाता है।

### लम्भुआ में पंचायत चुनाव की तैयारी

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, लम्भुआ विकास खंड में पंचायत चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। विकास खंड सभागार में मतदाता सूची के पुनर्निरीक्षण के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। खंड विकास अधिकारी नीलिमा गुप्ता और सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) ने प्रशिक्षण का नेतृत्व किया। प्रशिक्षण में इछड और पर्यवेक्षकों को मतदाता सूची में सुधार की प्रक्रिया समझाई गई। उन्हें बताया गया कि मतदाता सूची में नए पात्र मतदाताओं के नाम कैसे जोड़े जाएं। साथ ही मृत या अपात्र मतदाताओं के नाम कैसे हटाए जाएं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक प्रविष्टि को सही तरीके से दर्ज करना जरूरी है। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों ने चुनाव संबंधी सामग्री का वितरण भी किया।

# आवागमन सुगम करने के लिए रुपईडीहा एसएसबी चेक पोस्ट को भारत-नेपाल सीमा के नजदीक शिफ्ट करने की मांग



अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। भारत नेपाल सीमा क्षेत्र रुपईडीहा एसएससी चेक पोस्ट से आवागमन करने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल रुपईडीहा के अध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल ने सरकार को भी सुझाव देने के साथ मांग की है कि खुली सीमा होने के कारण प्रतिदिन हजारों की संख्या में आवागमन करने वाले लोग भारी भरकम सामान लाद कर प्रवेश करने पर विवस है। जबकि दोनों देशों के बीच रोटी बेटी का संबंध वर्षों से चला रहा है। भारतीय सीमा क्षेत्र रुपईडीहा बाजार नेपाल से सटे होने के कारण नेपाली नागरिक प्रतिदिन रोजमर्रा की बस्तु जैसे राशन एवं खाद्य सामग्री व कपड़ा आदि चीजों को लेने यहां आते हैं। जिससे इस बाजार में हमेशा चहल पहल बनी रहती है। पूर्व में जब यहां एस एस बी की पोस्टिंग की गई थी तो कई वर्षों तक आवागमन सुचारू से चल रहा था तथा सघन जांच भी चल रही थी तस्कर व अपराधी तब भी पकड़े जाते थे परंतु विगत वर्षों में करोना काल के कारण सुरक्षा की दृष्टि से भीड़भाड़ को कंट्रोल करने की वजह से दैनिक यात्रियों वह रोजमर्रा के नागरिकों को पैदल आवागमन करने के लिए सरकार के आदेशों के पालन हेतु बाध्य होना पड़ा था। परंतु विडंबना अब यह आ रही है की करोना काल समाप्त हुए लगभग 3 वर्ष बीत जाने के बाद भी एस एस बी के द्वारा लोगों को लगभग 200 मी पैदल चलने पर मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भारत में काम करने वाले कामगार भारी भरकम सामानों को लाद कार भारतीय सीमा में प्रतिदिन प्रवेश करते हुए देखे जाते हैं। ऐसे में अगर नेपाल में स्थित सीमा से सटे नेपाल जमुनहा पुलिस चौकी की तर्ज पर सीमा के नजदीक नो मेंस लैंड एरिया के पास नवनिर्मित भारतीय गेट के नजदीक एसएसबी चेक पोस्ट बना दिया जाए तो सवारी साधन आसानी से बॉर्डर के समीप तक पहुंच जाएगा और लोगों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। इससे भारत नेपाल सीमा पर आवागमन में बहुत ही सुगमता होगी।

# बीएएमएस के विद्यार्थियों को दी गई एंटी रैगिंग के बारे में जानकारी




अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। डॉ. सर्वेश कुमार शुक्ला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज सबलापुर में एंटी रैगिंग सप्ताह का समापन हुआ। विद्यार्थियों को रैगिंग जैसी अमानवीय प्रवृत्तियों से दूर रहने एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाएं रखने का संकल्प दिलाया गया। एंटी रैगिंग कार्यक्रम में रैली, पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध एवं भाषण का भी आयोजन किया गया। कॉलेज परिवार ने एक स्वर में यह संदेश दिया कि रैगिंग नहीं, मित्रता हमारा संस्कार है वरिष्ठ विद्यार्थियों ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत कर मैत्रीपूर्ण वातावरण बनाए रखने का आश्वासन दिया। संस्था डायरेक्टर पल्लवी शुक्ला व आयुर्वेद प्राचार्य डॉ. आनंद कुमार चौरसिया ने कहा कि रैगिंग जैसी कुप्रथा विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य और स्वस्थ शैक्षणिक वातावरण के लिए घातक है, इसलिए इसे जड़ से समाप्त करना हम सभी की जिम्मेदारी है। डॉ. मनीष कुमार शर्मा ने कहा कि आयुर्वेद में सद्वृत्त (सदाचार) का पालन करने की शिक्षा दी गई है, जो रैगिंग जैसी प्रवृत्तियों के विरुद्ध है। अतः विद्यार्थियों को सदैव मर्यादित आचरण, सहयोग एवं भाईचारे की भावना से रहना चाहिए। प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों को शपथ भी दिलाई। इस मौके पर प्रबंधक आस्था शुक्ला, डॉ. चंद्र शेखर, डॉ. मुकेश माहिच, डॉ. पवन वर्मा, डॉ. संदीप, डॉ. मनीष शुक्ला व जगदंबा प्रसाद शुक्ला मौजूद रहें।

# पुष्प अर्पित कर मनाई गई राजीव गांधी की जयंती



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। बुधवार को 283 विधानसभा नानपारा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी डॉ, ए० एम० सिद्दीकी के निज निवास पर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की 81वी जयंती पुष्प अर्पित करके व केक काट कर मनाई गई। इस मौके पर डॉ0 ए० एम० सिद्दीकी, रामदीन गौतम, बद्री सिंह ने स्वर्गीय प्रधानमंत्री राजीव गाँधी के जीवन परिचय पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। जयंती कार्यक्रम के इस अवसर पर मोहम्मद शकील, संदीप कुमार गौतम, रामसूरत यादव, बृजेश कुमार पांडे, पुत्तन शाह, अरुन कुमार, अमीर अली, उमेश कुमार गौतम, आदि कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# नवाबगंज ब्लॉक में सफाईकर्मी नदारद, कागजों तक सीमित सफाई व्यवस्था

## सरकारी और प्राइवेट नालियों में किया जा रहा भेदभाव

अमन लेखनी समाचार/मोहम्मद कौशर



रुपईडीहा, बहराइच। नवाबगंज ब्लॉक के भगवानपुर करिंगा, परमपुर सहित कई ग्राम सभाओं के ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि गांवों में तैनात सफाईकर्मी नियमित रूप से सफाई कार्य नहीं करते। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी और प्राइवेट नालियों में भेदभाव किया जाता है। सफाईकर्मी केवल सरकारी नाली की सफाई करते हैं, जबकि प्राइवेट नालियां गंदगी से बजबजाती रहती है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधान द्वारा संतुष्टि का प्रमाण पत्र जारी कर दिया जाता है और अधिकारियों के हस्ताक्षर के बाद सफाई कर्मियों का वेतन उनके खातों में चला जाता है, जबकि गांव में सफाई कार्य दिखाई ही नहीं देता। ग्राम सभाओं के खुशीराम पासवान, रामराज कश्यप, गंगाराम पासवान, लवकुश, सुरेंद्र कुमार, रामु वर्मा, सीता वर्मा और बृजेश वर्मा सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में नालियां गंदगी से पट जाती हैं और गंदा पानी सड़कों पर बहने लगता है। ग्रामसभा परमपुर के ग्रामीणों ने बताया कि यहां तैनात सफाईकर्मी सुखराम राजपूत गांव में कभी दिखाई नहीं देते। नतीजतन ग्रामीणों को मजबूरी में खुद ही नालियों की सफाई करनी पड़ती है। हाल ही में गोविंद मिश्रा द्वारा नाली की सफाई करते हुए फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि सफाईकर्मियों का वेतन 28 से 30 हजार रुपये तक होता है, लेकिन इसके बावजूद सफाई का कार्य उन्हें ही करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि सफाईकर्मियों की उपस्थिति की नियमित जांच कराई जाए और सफाई व्यवस्था को सही किया जाए, ताकि गांवों में फैली गंदगी और परेशानियों से मुक्ति मिल सके।

# रुपईडीहा बॉर्डर पर मेडिकल स्टोरों की जांच, दवाओं के सैंपल लिए गए



अमन लेखनी समाचार/मोहम्मद कौशर

रुपईडीहा, बहराइच। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर बुधवार को औषधि निरीक्षक बहराइच विनय कृष्णा एवं आबकारी निरीक्षक नानपारा विमल मोहन वर्मा की संयुक्त टीम ने रुपईडीहा बॉर्डर स्थित कई मेडिकल स्टोरों पर गहन जांच की। औषधि निरीक्षक विनय कृष्णा ने बताया कि यह कार्रवाई अवैध एवं अनधिकृत दवाओं के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। जांच के दौरान मेडिकल स्टोरों के रिकॉर्ड, बिलिंग सिस्टम और दवाओं के स्टॉक की विस्तार से समीक्षा की गई। टीम ने मौके से कई दवाओं के सैंपल भी लिए, जिन्हें प्रयोगशाला में परीक्षण हेतु भेजा जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में दवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

# मुसाफिरखाना तहसील के समाधान दिवस में 30 शिकायतें

## 12 समस्याओं का मौके पर समाधान, एसडीएम ने दिए निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश



अमन लेखनी समाचार

अमेठी, मुसाफिरखाना में तहसील परिसर में एसडीएम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान कुल 30 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से 12 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। समाधान दिवस में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इनमें राजस्व, विद्युत, जल, कृषि, पशुपालन, खाद्य एवं आपूर्ति, पंचायत और विकास विभाग शामिल थे। अधिकांश शिकायतें भूमि विवाद, बिजली आपूर्ति, राशन कार्ड और पेंशन से संबंधित थीं। एसडीएम समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को गंभीरता से लिया जाए। समाधान दिवस को महज औपचारिकता नहीं बनाया जाना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों से आए शिकायतकताओं ने बताया कि कई शिकायतों का समाधान नहीं हो पा रहा है। एसडीएम ने सभी शिकायतों की मॉनिटरिंग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में तहसीलदार, कानूनगो और लेखपाल भी मौजूद रहे। समाधान दिवस शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुआ।

# छात्रसंघ चुनाव के लिए भूख हड़ताल पर बैठे स्टूडेंट

## एएमयू के बाब-ए-सैयद गेट पर आमरण अनशन जारी, छात्रों ने वीसी लापता के लगाए पोस्टर

अमन लेखनी समाचार




अलीगढ़, मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) में छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर छात्रों का आमरण अनशन लगातार चौथे दिन भी जारी है। एलएलबी के दो छात्र सैयद कैफ हसन और मोहम्मद रेयान बाब-ए-सैयद गेट पर भूख हड़ताल पर बैठे हुए हैं। उनकी मांग है कि विश्वविद्यालय प्रशासन जल्द से जल्द छात्रसंघ चुनाव कराए। अनशन को शुरू हुए अब चार दिन बीत चुके हैं और दोनों छात्रों की तबीयत लगातार बिगड़ रही है। मलखान सिंह जिला अस्पताल से आई चिकित्सकीय टीम उनकी सेहत की निगरानी कर रही है और बार-बार अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दे रही है, लेकिन छात्र अपनी मांगों को लेकर अड़े हुए हैं। डॉक्टरों के मुताबिक भूख हड़ताल पर बैठे छात्रों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर दिखने लगा है। जब मेडिकल टीम ने जांच की तो दोनों छात्रों का बाइटल टेस्ट तो सामान्य मिला, लेकिन वजन में तेजी से कमी पाई गई। कैफ का वजन पिछले चार दिन में करीब 4 किलो घट गया है। अनशन शुरू होने से पहले उनका वजन 65.25 किलो था, जो सोमवार तक घटकर 61.10 किलो रह गया। वहीं रेयान का वजन तो और भी तेजी से कम हुआ। भूख हड़ताल शुरू होने पर उनका वजन 74.20 किलो था, जो अब 64.45 किलो पर आ गया है। यानी 10 किलो से ज्यादा की कमी। डॉक्टरों ने दोनों को तुरंत अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी है, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया। प्रदर्शन कर रहे छात्रों का गुस्सा अब विश्वविद्यालय प्रशासन और खासकर कुलपति प्रो. नाइमा खातून पर निकल रहा है। कैंपस के अलग-अलग हिस्सों में छात्रों ने वीसी की तस्वीर वाले गुमशुदगी के पोस्टर चिपका दिए हैं। इन पोस्टरों में व्यंग्य करते हुए लिखा गया है- गुमशुदा की तलाश, आखिरी बार शायरी सुनते हुए देखी गई थीं, अगर मिलें तो बाब-ए-सैयद गेट पर पहुंचा दें। धरने पर बैठे कैफ और रेयान के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं बाब-ए-सैयद गेट पर मौजूद हैं। पूरा इलाका नारेबाजी से गूंज रहा है।

छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग के साथ-साथ यहां लेकर रहेंगे आजादी और अन्य विरोधी नारे लगातार लगाए जा रहे हैं।

# पंचायत सहायकों का प्रदर्शन

## डिजिटल क्रॉप सर्वे से मुक्ति या सुविधाएं देने की मांग, डीएम को दिया ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, पंचायत सहायकों ने कलेक्ट्रेट में डीएम को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने एग्रीस्टैक डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्य से मुक्ति की मांग की है। शासनादेश के मुताबिक खरीफ 2025 से ई-खसरा पडताल के तहत डिजिटल क्रॉप सर्वे का काम लेखपालों की जगह प्राइवेट सर्वेयर करेंगे। कृषि विभाग इन सर्वेयरों का चयन करेगा और मानदेय देगा। पंचायत सहायकों ने कहा कि उनके पास उचित क्षमता वाले स्मार्टफोन या जीपीएस मोबाइल नहीं हैं। वे ग्राम पंचायत सचिवालय में अकेले कर्मचारी हैं। फील्ड में जाने से सचिवालय का काम रुकेगा। सहायकों का कहना है कि एग्रीस्टैक क्रॉप सर्वे कृषि विभाग का काम है। यह पंचायती राज विभाग का नियमित कार्य नहीं है। प्रति गाटा प्रस्तावित राशि भी कम है। उन्होंने कई मांगें रखी हैं। इनमें उच्च गुणवत्ता वाले मोबाइल फोन की मांग शामिल है। साथ ही प्रोत्साहन राशि के बजाय निश्चित मानदेय की मांग की है। मानसून में खेतों में सर्वे के दौरान जंगली जानवरों और सांप-बिच्छू का खतरा है। इसलिए 10 लाख का बीमा और दुर्घटना में परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी मांगी है। दुर्गम क्षेत्रों में महिला पंचायत सहायकों की सुरक्षा पर भी चिंता जताई है।

सहायकों का कहना है कि अन्य विभागों के काम से उनके मुख्य कार्य प्रभावित होते हैं।

# पेड़ से टकराई बाइक, एक की मौत

## दूसरे को मामूली चोट, मुंबई से सिद्धार्थनगर जा रहे थे दोनों



अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, अमेठी में एक सड़क हादसा हुआ। मुंबई से सिद्धार्थनगर जा रहे दो युवकों की बाइक नौडाड के पास सड़क किनारे पीपल के पेड़ से टकरा गई। हादसे में बाइक चालक अब्दुल्ला की मौके पर मौत हो गई। बाइक पर सवार दूसरे युवक आलम को मामूली चोटें आईं। उन्हें सीएचसी जगदीशपुर में प्राथमिक उपचार दिया गया। चिकित्सकों ने उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई है। दोनों युवक मुंबई के कमला रमन, शिवाजी नगर में रहते थे। आलम मूल रूप से सिद्धार्थनगर के नवगढ़ के रहने वाले हैं। दोनों हीरो स्प्लेंडर बाइक से दो दिनों से लगातार यात्रा कर रहे थे। थकान के कारण बाइक बेकाबू होकर पेड़ से टकरा गई। स्थानीय लोगों ने 112 पर सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# किसान मजदूर संयुक्त यूनियन ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

## सुल्तानपुर में अतिवृष्टि से हुई फसल क्षति का मुआवजा और खाद-यूरिया की मांग

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन (अराजनैतिक) ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर किसानों की समस्याओं को लेकर तत्काल कार्रवाई की मांग की। तराई क्षेत्र में अतिवृष्टि से किसानों की फसलें पूरी तरह नष्ट हो गई हैं। किसानों का आरोप है कि नालों की सफाई के लिए उन्हें खुद के खर्च पर 40,000 रुपये तक खर्च करने पड़ रहे हैं। दोस्तपुर ब्लॉक के दुल्हापुर, बेथरा, कैथीली, कटघरा, चिरानेपट्टी, धतुरहा, नगईया और बनपुरा जैसे गांव सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। वहीं, जयसिंहपुर तहसील के पीढी, गडौली, बेलगरा और परसड़ा गांवों में भी नुकसान दर्ज किया गया है। ज्ञापन में किसानों ने बताया कि पर्याप्त स्टॉक के बावजूद खाद-यूरिया बाजार में नहीं मिल रही है। निजी दुकानदार मनमाने दाम वसूल रहे हैं। सहकारी समितियों में अंगूठा लगवाने के बाद भी किसानों को रसीद नहीं दी जा रही, जिससे वे बीमा क्लेम भी नहीं ले पा रहे हैं। किसानों ने आरोप लगाया कि जिले की किसी भी तहसील में स्वामित्व योजना के तहत उन्हें प्रपत्र 7, 8 या 9 नहीं मिला। इससे कई किसान अपने मकान के स्वामित्व से वंचित हो गए हैं। प्रतिबंधित क्षेत्रों में घरौनी बनाकर विवादों को जन्म दिया गया है। सार्वजनिक संपत्तियों को रजिस्टर में दर्ज होने के बावजूद घरौनी में शामिल नहीं किया गया। कई जातियों के व्यक्तियों को एक ही मकान पर स्वामित्व दे दिया गया है।कुछ जगहों पर जलाशयों को व्यक्ति विशेष के नाम दर्ज कर निकासी बाधित की गई है। जयसिंहपुर तहसील के गड़ौली गांव में मुख्य राजस्व अधिकारी के निरीक्षण के बावजूद पिच सड़क को बंटवारे में शामिल नहीं किया गया

# सिविल लाइन में अतिक्रमण हटाने पर हंगामा

## कारोबारियों ने विरोध जताया, सेल टैक्स कमिश्नर की गाड़ी समेत 100 वाहनों का चालान

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज, सिविल लाइंस क्षेत्र के सुभाष चौराहे से लेकर नवाब यूसुफ रोड तक नगर निगम ने बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान मौके पर जमकर हंगामा हुआ। इस अभियान में नगर निगम की पूरी टीम के साथ ट्रैफिक पुलिस बल भी मौजूद रहा। अभियान के दौरान 100 से अधिक वाहनों का चालान किया गया। वहीं, कई गाड़ियां नो पार्किंग जोन में खड़ी होने के कारण मौके से टोचन करके उठवा दी गईं। मौके पर सेल टैक्स कमिश्नर की गाड़ी बीच सड़क पर खड़ी मिली जिसका चालान किया गया। कार्यवाही के दौरान पूरे क्षेत्र में अफरातफरी मच गई। व्यापारियों और दुकानदारों ने नगर निगम की टीम का विरोध करते हुए हंगामा किया और बहस बाजी की। कई दुकानदारों ने आरोप लगाया कि बिना पूर्व सूचना के कार्रवाई की गई, जिससे व्यापार




प्रभावित हुआ। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि पहले ही कई बार चेतावनी दी जा चुकी थी, बावजूद इसके अतिक्रमण हटाया नहीं गया। पीडीए और ट्रैफिक पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के दौरान उस वक्त चर्चा का विषय बन गया जब सेल टैक्स कमिश्नर की गाड़ी बीच सड़क पर खड़ी मिली। गाड़ी करीब एक घंटे से अधिक समय तक नो पार्किंग क्षेत्र में खड़ी रही, जिससे यातायात बाधित हुआ। ट्रैफिक पुलिस ने नियमों का पालन करते हुए कमिश्नर की गाड़ी का चालान किया। हालांकि, टोचन की कोशिश की गई लेकिन बड़ी गाड़ी की वजह से नहीं टो हो सकी। यह कार्रवाई मुख्य रूप से सुभास चौराहे से लेकर नवाब यूसुफ रोड तक दोनों लेन पर स्थित दुकानों के सामने हुए अतिक्रमण को हटाने और नो पार्किंग में खड़े वाहनों के खिलाफ की गई। इस इलाके में आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। सड़क किनारे गाड़ियां खड़ी कर दी जाती हैं, कई जगहों पर वाहन रिपेयरिंग का कार्य सड़कों पर ही किया जा रहा है, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि कई बार सिविल लाइंस में व्यापारियों को नियमों का पालन करने की चेतावनी दी गई, लेकिन लगातार अनदेखी के चलते यह सख्त कदम उठाना पड़ा। मौके पर पीडीए के अपर आयुक्त स्वयं मौजूद रहे और पूरी कार्रवाई की निगरानी करते रहे। ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई के दौरान ट्रैफिक नियंत्रण बनाए रखा और नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों पर सख्त कार्रवाई करते हुए चालान काटे। पीडीए के अनुसार, यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा। लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण और यातायात अव्यवस्था को देखते हुए अब सख्ती से नियमों का पालन कराया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि आगे भी कोई दुकानदार या वाहन स्वामी नियमों की अवहेलना करता पाया गया

# खाने की नली में फंसा नकली दांत

## एंडोस्कोपी से एक घंटे में निकाला, 60 वर्षीय महिला की जान बची

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज, जानसेनगंज की 60 वर्षीय पुष्पा देवी को भोजन करते समय नकली दांत खाने की नली में फंस गया। इससे उन्हें सांस लेने में दिक्कत, तेज दर्द और उल्टी की शिकायत हुई। स्थानीय इलाज से राहत नहीं मिलने पर उन्हें नारायण स्वरूप हॉस्पिटल लाया गया। अस्पताल में एक्स-रे और एंडोस्कोपी से पता चला कि दांत इसोफेगस में फंसा है। यह स्थिति सांस की नली को भी प्रभावित कर सकती थी। एडवांस्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. राजीव सिंह के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने तुरंत एंडोस्कोपिक प्रक्रिया शुरू की। डॉ. आकाश शाह, डॉ. अवनीश तिवारी और शिवांशु की टीम ने एक घंटे के जटिल ऑपरेशन में मुंह के रास्ते दांत को सफलतापूर्वक निकाला। मरीज अब पूरी तरह स्वस्थ हैं। दरअसल, पुष्पा देवी के प्राकृतिक दांत टूटने के बाद उन्हें नकली दांत लगवाए गए थे। कुछ



समय बाद ये दांत ढीले पड़ने लगे। भोजन के दौरान एक दांत अचानक निकलकर खाने की नली में चला गया। डॉक्टरों के अनुसार, थोड़ी देर की भी देरी जानलेवा साबित हो सकती थी।

# संक्षेप

## प्लास्टिक फैक्ट्री में लगी आग

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, खरखौदा थाना क्षेत्र के धीरखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में स्थित प्लास्टिक की केन और दाना बनाने वाली फैक्ट्री में आग लग गई। फैक्ट्री के मालिक अंकित तायल ने सीसीटीवी कैमरे में आग की चिंगारी देखी। उन्होंने तुरंत कर्मचारियों को सतर्क किया। सभी लोगों ने फैक्ट्री से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। मौके पर 6 दमकल गाड़ियां पहुंचीं। खरखौदा थाना पुलिस भी मौके पर आ गई। आग की तीव्रता को देखते हुए पुलिस ने आसपास की फैक्ट्रियों को खाली करवा दिया। फैक्ट्री तक पहुंचने का रास्ता संकरा था। दमकल गाड़ियों को अंदर भेजने के लिए जेसीबी से फैक्ट्री की दीवार तोड़नी पड़ी। फायर फाइटर्स ने आग पर काबू पाया। सीएफओ सुरेंद्र कुमार ने बताया कि आग से फैक्ट्री में लाखों का नुकसान हुआ है। प्रारंभिक जांच में आग का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। फैक्ट्री मालिक की सतर्कता से कोई जनहानि नहीं हुई।

## सफाई कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ ने 10 सितंबर को लखनऊ विधानसभा का घेराव करने का निर्णय लिया है। महासंघ का कहना है कि प्रदेश सरकार सफाई कर्मचारियों का शोषण कर रही है। शहर में आबादी के अनुसार सफाई कर्मचारियों की संख्या कम है। इस कारण मौजूदा कर्मचारियों पर काम का अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। साथ ही 2215 कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान अभी तक नहीं हुआ है। सफाई कर्मचारी महासंघ की प्रमुख मांगों में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का नियमितीकरण शामिल है। वे शोषण रोकने के लिए कड़े कदम उठाने और कर्मचारियों को न्यायिक सुरक्षा प्रदान करने की मांग कर रहे हैं। इस आंदोलन में मेरठ सफाई कर्मचारी संघ के महामंत्री प्रत्याशी अमित बैहनवाल और उपाध्यक्ष भी शामिल होंगे। महासंघ पहले भी हड़ताल की चेतावनी दे चुका है और 17 सूत्री मांग पत्र सरकार को सौंप चुका है।

## शिकारपुर में वाहन चोर गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर,शिकारपुर के थाना छतारी पुलिस ने नरायनपुर नहर पुल के पास से दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की एक विक्की छ-100 हैवी ड्यूटी बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों में बुलंदशहर के थाना डिबाई क्षेत्र के दानपुर गांव का गोविंद कुमार और अलीगढ़ के थाना जवां क्षेत्र के नगला मीरपुर का करन कुमार शामिल हैं। बरामद विक्की को आरोपियों ने अलीगढ़ के थाना क्वार्सी क्षेत्र की रामघाट रोड से चोरी किया था। इस मामले में थाना छतारी में मुकदमा दर्ज किया गया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना क्वार्सी में भी वाहन चोरी का एक मुकदमा दर्ज है।

# रॉन्ग साइड बाइक चला रहे युवकों की हुई टक्कर

### दिल्ली–सहारनपुर हाईवे पर कार से टकराई, दोनों गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती

अमन लेखनी समाचार



बागपत, शहर कोतवाली क्षेत्र के रिवर पार्क के सामने दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर एक दुर्घटना हुई। रॉन्ग साइड से आ रही बाइक कार से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। घायल युवकों की पहचान पाली निवासी हारून और गुलजार के रूप में हुई। दोनों अपने रिश्तेदार के घर से सामान लेकर लौट रहे थे। स्थानीय निवासी गौरव के अनुसार, दोनों युवक बागपत से खेकड़ा की तरफ जा रहे थे। उनके हाथ में सामान था। वे बाइक रॉन्ग साइड पर चला रहे थे। इसी दौरान दिल्ली से बागपत की तरफ आ रही कार से उनकी बाइक टकरा गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां से उनकी स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे खड़ा करवाया है। मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बिजली के खंभे से करंट लगने से मौत

## कोल्डड्रिंक सप्लाय करता था, बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र में एक कोल्ड ड्रिंक सप्लायर की बिजली के खंभे से करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान तारापुरी निवासी 36 वर्षीय पाशा पुत्र छोटे खां के रूप में हुई है। घटना सुबह करीब 11:30 बजे लिसाड़ी रोड पर घंटे वाली गली के पास नौशाद स्वीट्स के सामने हुई। पाशा खुशहाल कॉलोनी स्थित एक कोल्ड ड्रिंक गोदाम में सप्लाई का काम करता था।

वह ई-रिक्शा से कोल्ड ड्रिंक की सप्लाई करके लौट रहा था। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिजली के खंभे में लंबे समय से करंट उतर रहा था। उन्होंने कई बार बिजली विभाग को इसकी शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। सूचना मिलते ही लिसाड़ी गेट पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले



की जांच जारी है। परिवार के अनुसार पाशा अविवाहित था और अपने भाई के साथ रहता था। उसकी मृत्यु की खबर से परिवार में शोक की लहर है। स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग की लापरवाही को इस हादसे का कारण बताया है।

# ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर हादसा



### बागपत में केंटर पलटने से परिचालक की मौत, चालक घायल

अमन लेखनी समाचार

बागपत, थाना चांदीनगर क्षेत्र में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। सिंगोली तगा गांव के पास एक केंटर के पलटने से परिचालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में मृत परिचालक की पहचान बिहार के दरभंगा जिले के रामपुरा निवासी 40 वर्षीय कनैया मंडल के रूप में हुई है। घायल चालक का नाम सतबीर है, जो राजन का पुत्र है और वह भी रामपुरा दरभंगा का रहने वाला है। केंटर बासलगढ़ हरियाणा से प्लास्टिक का सामान लेकर नोएडा की फैक्ट्री की ओर जा रहा था। सिंगोली तगा गांव के पास पहुंचते ही केंटर अनियंत्रित होकर पलट गया। राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल चालक को जिला अस्पताल भिजवाया। परिचालक कनैया मंडल के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बागपत भेज दिया गया है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। मामले की जांच में जुट गई है।

# सपा की साइकिल यात्रा रोकी गई

### ❍ग्रेटर नोएडा में नेताओं को घर में रोका, बिना परमिशन निकाल रहे थे साइकिल यात्रा

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर, समाजवादी पार्टी के नेता आज वोट चोरी का विरोध करते हुए एक साइकिल यात्रा निकालने वाले थे। यह लोग ग्रेटर नोएडा से दिल्ली तक साइकिल से जाते और अपना विरोध जताते लेकिन उससे पहले ही ग्रेटर नोएडा में सपा नेताओं को पुलिस के द्वारा हाउस अरेस्ट कर लिया गया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने बताया कि समाजवादी पार्टी के युवा नेता विकास जतन प्रधान के नेतृत्व में चुनाव आयोग द्वारा वोट चोरी के विरोध में ग्रेटर नोएडा से दिल्ली तक साइकिल यात्रा निकालने की घोषणा हुई थी। 100 से ज्यादा युवक कार्यकर्ता इस साइकिल यात्रा में शामिल होने वाले थे, लेकिन पुलिस ने साइकिल यात्रा से पहले ही सभी नेताओं



को हाउस अरेस्ट कर लिया।

उन्होंने बताया कि जब मैं सो कर उठा तो मेरे घर पर पहले से ही पुलिस बैठी हुई मिली।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार बहुत डरी हुई है। वहीं पुलिस के द्वारा सपा नेता विकास जतन प्रधान, बृजेश भाटी सहित अन्य नेताओं को भी हाउस अरेस्ट किया गया । वहीं पुलिस ने इस मसले पर कहा कि किसी भी तरह की साइकिल यात्रा के लिए समाजवादी पार्टी के किसी भी नेता ने कोई परमिशन नहीं ली थी। किसी भी नेता को अरेस्ट नहीं किया गया है।

# सीसीएसयू के आदेश प्रधान कांग्रेस के पवन खेड़ा से मिले

## कुलपति समेत कई लोगों पर भ्रष्टाचार का आरोप, खेड़ा ने कहा- पार्टी स्तर पर उठाएंगे मुद्दा

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में एक बड़ा खुलासा हुआ। विश्वविद्यालय प्रशासन पर करोड़ों रुपये के घोटाले, गैरकानूनी नियुक्तियां और अवैध निर्माण के गंभीर आरोप लगे हैं। यह मामला अब केवल विश्वविद्यालय तक सीमित नहीं, बल्कि छात्रों के भविष्य और शिक्षा व्यवस्था की पारदर्शिता से जुड़ा राष्ट्रीय मुद्दा बन गया है। सामाजिक कार्यकर्ता और आरटीआई एक्टिविस्ट आदेश प्रधान, अनुज भड़ाना, अवनीश पंवार और कई छात्र नेताओं ने इस भ्रष्टाचार के खिलाफ जन आंदोलन शुरू किया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने भी इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई का आश्वासन दिया है। 7 अगस्त को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में भ्रष्टाचार और



वित्तीय अनियमितताओं का भंडाफोड़ हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति संगीता शुक्ला, वित्त अधिकारी, पूर्व रजिस्ट्रार धीरेंद्र कुमार वर्मा और इंजीनियर मनीष मिश्रा पर गंभीर आरोप लगे हैं। इन पर करोड़ों रुपये के घोटाले, नियमों को ताक पर रखकर नियुक्तियां करने और अवैध निर्माण कार्यों में लिप्त होने की बात सामने आई है। सामाजिक कार्यकर्ता आदेश प्रधान और उनके साथियों ने प्रयागराज के महालेखा कार्यालय की ऑडिट रिपोर्ट को सबूत के तौर पर पेश किया है, जो इस घोटाले की गहराई को दर्शाती है। इस घोटाले को उजागर करने के लिए एडवोकेट आदेश प्रधान, आरटीआई एक्टिविस्ट अनुज भड़ाना और अवनीश पंवार ने कमर कस ली। इन जागरूक नागरिकों और छात्र नेताओं ने मिलकर भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद की। उन्होंने एक विस्तृत प्रार्थना पत्र तैयार किया और इसे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा को सौंपा। इस प्रार्थना पत्र में विश्वविद्यालय के कथित घोटालों का पूरा ब्योरा है। कार्यकताओं ने इसे केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे जन आंदोलन का रूप देने का फैसला किया। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने इस मामले को बेहद गंभीर बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा संस्थानों में भ्रष्टाचार समाज और लोकतंत्र के लिए खतरा है। खेड़ा ने आश्वासन दिया कि वे बिहार यात्रा से लौटने के बाद इस मामले की गहराई से जांच करेंगे और सभी दस्तावेजों को पार्टी स्तर पर उठाएंगे। उन्होंने सार्वजनिक मंच से घोषणा की कि कांग्रेस इस भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के साथ खड़ी है।

# सिगरेट को लेकर बवाल

## नशे में धुत्त युवकों ने दुकानदार से की मारपीट, बरसाए पत्थर



अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर, बीटा टू थाना क्षेत्र के अल्फा 2 सेक्टर में सिगरेट को लेकर हुआ मामूली विवाद बड़ी मारपीट में बदल गया। आरोप है कि नशे में धुत कुछ युवकों ने दुकानदार से झगड़ा शुरू कर दिया। बात बढ़ते-बढ़ते आरोपियों ने दुकानदार पर ईंट-पत्थर बरसा दिए। इलाके में जमकर हंगामा हुआ। घटना के दौरान वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया और स्थानीय लोग दहशत में आ गए। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो इस पूरी वारदात का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि आरोपी युवक पत्थरबाजी कर रहे हैं और दुकानदार को निशाना बना रहे हैं। पुलिस जांच में जुटी हमले के बाद आरोपी कार में बैठकर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है और जल्द ही सभी को गिरफ्तार किया जाएगा।

# पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने का विरोध

## आजाद अधिकार सेना ने कलेक्ट्रेट में सौंपा ज्ञापन, वाहनों को नुकसान की आशंका

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, आजाद अधिकार सेना के मंडल अध्यक्ष अजीज ठेकेदार के नेतृत्व में कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। उन्होंने सरकार के पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण को 20% तक बढ़ाने के निर्णय का विरोध किया। संगठन का कहना है कि पहले पेट्रोल में एथेनॉल की मात्रा 5% थी। बाद में इसे बढ़ाकर 10% किया गया। अब सरकार ने इसे 20% तक बढ़ा दिया है। इससे वाहनों के इंजन को नुकसान पहुंचने की आशंका है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने प्रेस नोट जारी कर दावा किया है कि यह फैसला देशहित में है। लेकिन संगठन का कहना है कि एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल से वाहनों की माइलेज 20% तक कम हो जाती है। साथ ही वाहनों को भी नुकसान होता है। वर्तमान में देश में अधिकतर वाहन केवल 10% एथेनॉल



मिश्रित पेट्रोल के लिए उपयुक्त हैं। विदेशों में एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल, शुद्ध पेट्रोल से सस्ता होता है। लेकिन भारत में दोनों की कीमत समान है। यहां उपभोक्ताओं को एथेनॉल की मात्रा चुनने का विकल्प भी नहीं दिया गया है। संगठन का आरोप है कि यह निर्णय कुछ पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए लिया गया है। उनका मानना है कि इस फैसले से वाहन मालिकों को आर्थिक नुकसान होगा और पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

# पहलवान पत्नी को ससुराल में नहीं दिया प्रवेश

### ❍पति विदेश गया, परिवार ने दरवाजा नहीं खोला; राष्ट्रीय खिलाड़ी धरने पर बैठी

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद , राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर चुकी महिला पहलवान अपने ही ससुराल के बाहर न्याय की गुहार लगाते हुए धरने पर बैठ गईं। मामला थाना कविनगर क्षेत्र की अवंतिका कॉलोनी का है। जानकारी के अनुसार पहलवान की शादी 9 जुलाई 2024 को भुवनेश कुमार से हुई थी, जो मुंबई की एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। पीड़िता का आरोप है कि शुरूआती कुछ महीनों तक सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन धीरे-धीरे पति और ससुराल पक्ष का व्यवहार बदलने लगा। पति उन्हें नोएडा ले जाकर काफी समय तक बहलाता रहा और उसके बाद विदेश चला गया। वहीं, ससुराल पक्ष ने उन्हें अपनाने से साफ इनकार कर दिया। महिला पहलवान का कहना है कि जब वह ससुराल लौटीं तो घर का दरवाजा तक नहीं खोला गया। भारी बारिश के बीच भी उन्हें बाहर बैठना पड़ा। इस दौरान उनके ससुर गजेंद्र शर्मा, जो मिजार्पुर में दरोगा के पद पर तैनात हैं, ने स्थानीय पुलिस भेजकर उन्हें घर से हटवाने का प्रयास किया। पीड़िता का कहना है कि वह तलाक नहीं चाहतीं बल्कि अपने वैवाहिक जीवन को बचाना चाहती हैं, लेकिन पति और परिवार वाले उन्हें स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर देश का मान बढ़ाने के



बावजूद उन्हें सड़क पर न्याय मांगने को मजबूर होना पड़ा है। उन्होंने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है और चेतावनी दी है कि यदि उनकी बात नहीं सुनी गई तो वह ससुराल के बाहर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगी।

## सहकारी समिति से यूरिया खाद का किया जा रहा है वितरण

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। नगर के किसान सहकारी समिति में किसानों को यूरिया खाद वितरित की गई। खाद लेने के लिए समिति में किसानों की अच्छी खासी भीड़ जमा हो गई। बताते चलें कि नगर समेत क्षेत्र के किसान वर्तमान समय में खाद के लिए परेशान हाल भटक रहे हैं। बुधवार को नगर के किसान सहकारी समिति में यूरिया खाद वितरित होने की खबर फैलते ही समिति में किसानों की अच्छी खासी भीड़ जमा हो गई। यहां समिति के सचिव ने अपने उपभोक्ताओं को पांच पांच बोरी यूरिया खाद वितरित की समिति के सचिव अवनीश कुमार ने बताया की जल्द ही और खाद आने की संभावना है। खाद आने पर सभी उपभोक्ताओं को खाद वितरित की जाएगी। इसके अलावा नगर के पी सी एफ केंद्र ने भी सोमवार को किसानों को तीन-तीन बोरी खाद वितरित की यहां के प्रभारी रमाशंकर ने बताया कि उनके गोदाम में पहले से यूरिया रखी हुई थी। जो किसानों को वितरित की गई है। प्रभारी ने बताया कि अब किसानों को खाद प्राप्त करने के लिए अलग से आवेदन करना होगा। जिसमें लेखपाल की रिपोर्ट लगने के बाद किसनो को उचित मात्रा में खाद दी जाएगी।

## विश्व हिंदू परिषद का बीजपुर पंचायत भवन में मनाया जाएगा स्थापना दिवस

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र (बीजपुर)। आगामी शनिवार को दोपहर 2 बजे से बीजपुर पंचायत भवन पर विश्व हिंदू परिषद का 61वा ऐतिहासिक स्थापना दिवस मनाने के लिए विश्व हिंदू परिषद/बजरंग दल के पदाधिकारियों ने बैठक कर रणनीति बनाई, जिसमें कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए आपस में विचार विमर्श किया गया। बीजपुर नगर प्रखंड अध्यक्ष सतवंत सिंह ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद का 61वा स्थापना दिवस ऐतिहासिक रूप से मनाने के लिए जिला एवं नगर के कार्यकर्ता पूरे मनोयोग से लगे हुए है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री श्री 108 महंत मदन गोपाल दास जी महराज खड़िया, विशिष्ट अतिथि श्री श्री 108 संत विष्णु दास जी अमरावती महाराष्ट्र, आचार्य सुदर्शन जी महराज की गरिमामई उपस्थिति रहेगी।

# अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अवसर पर 'सहकारी संवाद' कार्यक्रम भव्य रूप से संपन्न

### सहकारिता गांवों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का सशक्त माध्यम : डॉ. प्रवीण सिंह जादौन

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत बी-पैक्स, गोहांड, जनपद हमीरपुर द्वारा आयोजित 'सहकारी संवाद' कार्यक्रम समिति परिसर, गोहांड में अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के सहकारिता संस्थाओं केप्रतिनिधियों, किसानों, महिलाओं, युवाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया और सहकारिता आंदोलन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. प्रवीण सिंह जादौन, निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ, उत्तर प्रदेश शासन ने सहकारिता आंदोलन की महत्ता पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सहकारिता एक ऐसी व्यवस्था है जिसके माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की धारा पहुँचाई जा सकती है। डॉ. जादौन ने इस बात पर विशेष बल दिया कि सहकारिता गांवों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का सशक्त माध्यम है।

जिला केंद्रीय सहकारी उपभोक्ता भंडार लि जालौन के अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह राजावत ने कहा कि आज सहकारिता क्षेत्र को नई ऊर्जा और दिशा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं सहकारिता एवं गृहमंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन से मिल रही है। प्रधानमंत्री मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' के मंत्र तथा अमित शाह जी के सहकारिता क्षेत्र को नई ऊँचाइयों पर ले जाने के विजन ने पूरे देश में सहकारी आंदोलन को सशक्त बनाया है।

जिला केंद्रीय सहकारी उपभोक्ता भंडार लि हमीरपुर के निदेशक महेंद्र सोनी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सशक्त और निर्णायक नेतृत्व तथा प्रदेश सहकारिता मंत्री जे.पी.एस. राठौर के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश में सहकारी समितियों का पुनर्गठन और सुदृढ़ीकरण ऐतिहासिक कदम है। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा हमीरपुर की जिला अध्यक्ष आराधना राजपूत ने कहा कि प्रदेश में सहकारिता क्षेत्र को ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण और किसानों की समृद्धि से जोड़ने का अभूतपूर्व कार्य किया जा रहा है। वहीं, जे.पी.एस. राठौर जी की दूरदर्शी सोच और अथक प्रयासों से सहकारिता विभाग की कार्यशैली में पारदर्शिता और गति आई है।

बी-पैक्स, गोहांड के अध्यक्ष हिमांशु राजपूत एवं मंडल उपाध्यक्ष धर्म पाल सिंह राजपूत ने आए हुए सभी अतिथियो का स्वागत, प्रतिभागियों हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सहकारिता संवाद जैसे आयोजन सहकारी आंदोलन को नई दिशा देंगे और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से गोहांड नगर पंचायत की अध्यक्ष अनीता राजपूत भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रसन्नभूषण सहकारी समिति के सचिव निर्दोष राजपूत पूर्व सचिव राजकुमार सोनी बलवान सिंह जयकरण कुंती बिरंचि लाल स्वयंसेवक अनूप सहित सहकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस मौके पर निदेशक डॉ प्रवीण सिंह जादौन ने समिति परिसर में पीपल के पौधे का रोपड किया।

## बिरनावा गोलीकांड के दो अभियुक्त गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

नसीराबाद, रायबरेली। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम बिरनावा में 18 अगस्त की रात में बाहर से आए व्यक्तियों द्वारा गोली मारकर जानलेवा हमले और तोड़फोड़ किए जाने के मामले में पुलिस तेजी से सक्रिय हुई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है और उसे सफलता भी मिली है। स्थानीय पुलिस ने 20 अगस्त बुधवार को घटना से संबंधित दो युवकों मनजीत सिंह उर्फ अभिषेक पुत्र स्व.शैलेन्द्र प्रताप सिंह निवासी नेताजी सुभाष नगर कानपुर रोड व अमन सिन्हा उर्फ लाला पुत्र राकेश सिंहा निवासी शिवपुरम गोराबाजार जिला राय बरेली को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक बालेंदु गौतम ने बताया कि शेष आरोपियों को शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## छात्र-छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह 24अगस्त को किया जाएगा

### छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरण भी किया नेशनल इन्टर कालेज मौदहा में किया जायेगा

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। कस्बे में प्रजापति कल्याण समिति (रजि.) की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह एवं छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम सत्र 2024-25 का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 24 अगस्त 2025, रविवार की सुबह नेशनल इंटर कॉलेज, मौदहा में होगा। समिति द्वारा विगत वर्षों की भांति इस बार भी हाईस्कूल में 85 प्रतिशत, इंटरमीडिएट में 80 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं, साथ ही आईआईटी से बी.टेक व एमबीबीएस उत्तीर्ण विद्यार्थियों को सम्मानित कर छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर हमीरपुर सदर विधायक डॉ. मनोज कुमार प्रजापति मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। समिति के संरक्षक डॉ. पुष्पेंद्र प्रजापति, अध्यक्ष छोटेलाल प्रजापति, महामंत्री उदयराज प्रजापति सहित पूरी कार्यकारिणी कार्यक्रम को सफल बनाने की तैयारियों में जुटी है। कार्यक्रम को लेकर स्वजातीय बंधुओं में उत्साह का माहौल है। समिति ने सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। यह आयोजन न केवल मेधावी छात्रों को सम्मानित करेगा बल्कि शिक्षा के प्रति युवाओं में प्रेरणा जगाने का कार्य करेगा।

## दोनों पक्षों के बीच परिवार सम्बंधित विवाद को वार्ता कर सुलह कराया

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। हमीरपुर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में संचालित मध्यस्थता केन्द्र में वाद सं0- 67/2017 अर्चना बनाम अरूण के मध्य प्रचलित वाद जिसमें परिवार सम्बन्धी विवाद था जिसमें नियुक्त मध्यस्थ अधिवक्ता शिवशरण गुप्ता ने राष्ट्र के लिये मध्यस्थता अभियान के तहत द्वारा दोनो पक्षो से वार्ता कर सुलह कराया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव महेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा दोनों पक्ष को बधाई दी गयी और मामले में नियुक्त मध्यस्थ अधिवक्ता के कार्य पर संतोष जाहिर किया गया। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी सतीश कुमार यादव भी उपस्थित रहे।

## गुप्त काशी पहुंचेगी 24 अगस्त को काशी से निकली तीर्थायन यात्रा

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। विगत वर्षों की भाँति काशी, चंदौली, मिजार्पुर, भदोही, प्रयागराज के विद्वत सदस्यगण, चिकित्सक गण, व्यवसायी गण, शोधकर्ता गण, चिंतक गण, समाजिक कार्यकर्ता गण द्वारा काशी कथा न्यास के नेतृत्व में ₹गुप्तकाशी तीर्थायन यात्रा₹ काशी से गुप्त काशी पहुंचेगी जिसके संपूर्ण संयोजन की व्यवस्था गुप्त काशी विकास परिषद, उत्तर प्रदेश व उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान संस्कृति विभाग लखनऊ, उत्तर प्रदेश सरकार कर रही है। ₹तीर्थायन यात्रा₹ इस वर्ष 24 अगस्त 2025 दिन रविवार को काशी हिंदू विश्वविद्यालय, काशी से चलकर सोनभद्र भ्रमण पर पहुंचेगी। जहाँ सर्वप्रथम यात्रा का सर्किट हाउस सोनभद्र में गुप्त काशी विकास परिषद के संरक्षक मंडल डॉ अवधेश दीक्षित प्रोफेसर प्रदीप कुमार मिश्रा, जगदीश पंथी, मनोज चौबे, पारसनाथ मिश्र, राजेश कुमार मिश्र, नवल किशोर चौबे, उमेश ओझा, लालजी त्रिपाठी, धनंजय पाठक, सुशील त्रिपाठी, सुरेश पाठक, विनोद कुमार चौबे, आनंद त्रिपाठी, रमाकांत शुक्ला, अरुणेश कुमार पांडे, अशोक कुमार तिवारी, राजकुमार चतुर्वेदी, मृगांक दुबे, धर्मेश पांडे, करुणा शंकर तिवारी, बृजेश कुमार शुक्ला, कुँवर चतुर्वेदी, नागेन्द्र पाठक, राज नारायण तिवारी, करुणाकर पाठक, प्रवीण चंद्र पांडे, कृष्णा राम दुबे, अनिल त्रिपाठी, राकेश कुमार तिवारी, अमित देव पांडे, डॉ संजय कुमार त्रिपाठी, नीरज चतुर्वेदी, आशुतोष पांडे उर्फ मुन्ना भैया, रामप्रकाश पाण्डेय, संजय शुक्ल, अरविंद कुमार दुबे, डॉक्टर देश निधि सिंह, अरविंद कुमार शुक्ला के स्वागत से किया जाएगा। इसके बाद यह यात्रा इंजीनियरिंग कॉलेज चुर्क होते हुए पंचमुखी महादेव मंदिर- भित्ति चित्र का दर्शन और अवलोकन कर, धंधरौल बांध के सौंदर्यता को देखते हुए सहस्त्र शिवलिंग का दर्शन पूजन कर, विजयगढ़ दुर्ग पहुंचेगी जहां बजरंगबली मंदिर में दर्शन कर, ब्रह्म सरोवर, रामसरोवर, शिव सरोवर का भ्रमण करते हुए नाथ संप्रदाय के गोरखनाथ के गुरु मत्स्येंद्र नाथ की तपोस्थली मच्छरमारा-गुफा में पहुंच कर दर्शन पूजन पश्चात सहभोज कार्यक्रम संपन्न होगा। इस बार यह यात्रा इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि उत्तर प्रदेश सरकार का लोक एवं संस्कृति संस्थान, संस्कृति विभाग, लखनऊ भी उक्त कार्यक्रम में सहभाग कर रहा है। संस्कृति विभाग की तरफ से पुरे यात्रा के दौरान लोक गायिका रजनी तिवारी की पूरी टीम को लोक गायन हेतु शासन स्तर से निर्देश पत्र प्रेषित हो चुका है। उक्त कार्यक्रम की संपूर्ण सूचना एवं रूपरेखा देते हुए गुप्त काशी विकास परिषद के अध्यक्ष पंडित आलोक कुमार चतुर्वेदी ने कहा की जनपद के आध्यात्मिक धार्मिक, पर्यटन की दृष्टि से यह यात्रा अत्यधिक महत्वपूर्ण है।

## तीजा मेला में राखी बांधने से लेकर रिश्तों की तय होती है तारीखें

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। वैसे तो पूरे देश में रक्षाबंधन का पर्व एक ही दिन मनाया जाता है। लेकिन यहां राखी बांधने का चलन आज भी तीजा महोत्सव में आने वाली बहनें भाइयों की कलाई पर राखी बांधती है। इतना ही नहीं इस तीजा मेला में शादी विवाह के रिश्तों पर भी मुहर लगती है। साथ ही रिश्तो की तारीखें तय होती है। इस तरह से कस्बे का ऐतिहासिक तीजा मेला कई परंपराओं को जीवंत करता है कस्बे के ऐतिहासिक तीजा मेला महोत्सव की ख्याति दूर-दूर तक है। बुंदेलखंड के कोने-कोने से लोग इस महोत्सव में हिस्सा लेते हैं। रक्षाबंधन का पर्व तिथि पर पूरे देश में एक दिन मनाया जाता है। लेकिन यहां अलग परंपरा है। आल्हा ऊदल के समय की बात करें तो उनके समय में एक दिन बाद रक्षाबंधन बनाने की परंपरा हो शुरू हुई। कस्बे में तीजा तक राखी बांधने का चलन है

कस्बे का वयोवृद्ध सेवानिवृत्त शिक्षक एम एल अवस्थी बताते हैं कि यह परंपरा बहुत पुरानी है। जो बहनें रक्षाबंधन पर मायके नहीं आ पाती हैं। वह तीजा में आकर भाइयों को राखी बांधती है। इसके बाद तीजा महोत्सव की शोभायात्रा में शामिल होकर ससुराल वापस जाती हैं

बुजुर्ग बृजलाल सिंह बताते हैं कि तीजा तक राखी बांधने के अलावा और भी तमाम परंपराएं विद्यमान है। तीजा मेला में प्रत्येक घर पर रिश्तेदारों का जमघट होता है। इसी जमघट में लड़का लड़की के तमाम रिश्ते तय होते हैं। रिश्तो के बयानें के बाद तारीखें तय होती हैं। यह सब कुछ सदियों से चला आ रहा है

बुजुर्ग रामकृष्ण प्रजापति बताते हैं की तीजा मेला तमाम परंपराओं को समेटे हैं। उनका निर्वाहन आज भी होता है। शादी ब्याह के अलावा घर परिवार में होने वाले झगड़ों को भी नाते रिश्तेदार सभी को आपस में बिठाकर सुलझाते हैं। यह सब वर्षों से निरंतर हो रहा है। जो रिश्तेदार वर्ष पर्यंत आने का समय नहीं निकाल पाते है। वह तीजा में समय निकालकर अवश्य आते हैं। कस्बे का कोई ऐसा घर नहीं होता है। जिस घर में रिश्तेदारों का जमावड़ा नहीं लगता है।

# ईश्वर जो करता है वह सदा उचित ही होता है : स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज राजेश तिवारी

### धरती पर आने के पहले जाना सदैव निश्चित रहता है ।कोई आगे तो कोई पीछेपर जाना सदा सुनिश्चित रहता है।

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज ।ईश्वर जो करता है वह सदा उचित ही होता है यह अभिव्यक्ति स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज मेजा प्रयागराज के ग्राम पंचायत बकचून्दा निवासी राजेश तिवारी ने वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा मण्डल मेजा उपाध्यक्ष अखिलेश अवस्थी से उनके ज्येष्ठ पुत्र के मृत्युपरांत शोक संवेदना प्रकट करते हुए उनके निज निवास कठौली मेजा रोड प्रयागराज में कही ।खबर का दृष्टिकोणिक कराते चले कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज श्री तिवारी एवं वरिष्ठ समाजसेवी तथा भाजपा मण्डल मेजा उपाध्यक्ष श्री अवस्थी के बीच रिश्तेदारिक सम्बन्ध हैं और दोनों ही सम्भ्रान्त जन एक दूसरे के सुख-दुःख में अवश्य सहभागिता करते रहते हैं ।वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा मण्डल मेजा उपाध्यक्ष श्री अवस्थी के ज्येष्ठ पुत्र के मृत्युपरांत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज श्री तिवारी कठौली मेजा रोड प्रयागराज पधारे हुए थे और शोक संवेदना प्रकट करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि ईश्वर जो करता है वह सदा उचित ही होता है क्योंकि ईश्वर जो करता है वह अच्छा ही करता है ।इस धरती पर विधाता ने जिसे जितने दिन के लिए भेजा है वह बस उतने ही दिन तक इस धरती पर रहता है क्योंकि जितनी चाभी भरी प्रभू श्रीराम ने उतना चले खिलौना ।रोते रोते हँसना सीखो और हँसते हँसते रोना ।बस यही जीवन का वास्तविक स्वरुप है ।स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज श्री तिवारी ने आगे यह भी कहा कि मनुष्य का जन्म केवल सत्य एवं न्याय को अपनी आत्मा में परिलक्षित करने के लिए हुआ है और साथ ही साथ दया, प्रेम, परोपकार एवं सहानुभूति जैसे अमृतीय अनमोल गुणों को हृदय में पिरोना है जिससे मानव जीवन परिपूर्ण हो मोक्ष का मार्ग प्रशस्त हो सके ।स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज श्री तिवारी ने वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा मण्डल मेजा उपाध्यक्ष श्री अवस्थी को ढांढस बंधाते हुए कहा कि जो होना था वह हो गया व्यर्थ की चिंता का त्याग करते हुए ईश्वर के शरण में अधीन हो नवमार्ग हेतु विनयवत प्रार्थना करते हुए नवकर्म कि ओर आगे बढ़े ।बाकी हमसब सदैव साथ में खड़े हो कन्धे से कन्धा मिलाते हुए सदैव साथ में कदम से कदम मिलाते रहेंगे और व्यर्थ के दुःख का त्याग करें ।स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज श्री तिवारी ने आगे अपने व्यक्तव्य में यह भी कहा कि धरती पर आने के पहले जाना सदैव निश्चित रहता है, कोई आगे तो कोई पीछे पर जाना सदा सुनिश्चित रहता है ।इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ समाजसेवी पं० शेषमणि शुक्ला ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज श्री तिवारी द्वारा मानव जीवन के वृत्तान्त पर ईश्वर द्वारा घटित प्रतिक्रिया के बारे में दिए गए वर्णन सर्वथा सत्य है ।वास्तव में ईश्वर जो करता है वह सदा उचित ही होता है ।इस मार्मिक बेला शोक संवेदना प्रकट करते समय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज श्री तिवारी के साथ वरिष्ठ समाजसेवी पं० शेषमणि शुक्ला, वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा मण्डल मेजा उपाध्यक्ष अखिलेश अवस्थी, शिक्षाविद जोखू लाल पटेल, वरिष्ठ समाजसेवी निरंजन अवस्थी, समाजसेवी अमरेश अवस्थी, हिन्दू महासभा महामंत्री राकेश तिवारी एवं इन्द्रेश अवस्थी सहित आस पास बहुत से क्षेत्रीय गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## जनसुनवाई समाधान पोर्टल पर जन शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण हेतु अधिकारियों के साथ की गयी बैठक

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) वागीश कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली जन शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ ही अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के उपस्थिति में बैठक की गयी, बैठक के इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) ने उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री जी की मंशा है कि जनता दर्शन, तहसील दिवस, आई0जी0आर0एस0, थाना समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण ससमय व गुणवत्ता पूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाये, जिससे कि जन मानस की समस्याओं का ससमय निस्तारण हो सकें, उन्होंने कहा कि आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारी स्थल पर जाकर शिकायतकर्ता का फीडबैक प्राप्त करते हुए शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करें, निस्तारण के दौरान स्थल पर कार्यवाही सम्बन्धी जी0पी0एस0 फोटोग्राफ्स अपलोड करना सुनिश्चित करें, सम्बन्धित अधिकारी प्रतिदिन आई0जी0आर 0एस0 पोर्टल को लागिन करते हुए प्राप्त होने वाली शिकायतों का फीडबैक भी प्राप्त करते रहें और प्राप्त शिकायतों का निस्तारण भी ससमय कराना सुनिश्चित करें, अंतिम दिवस में शिकायतों के निस्तारण करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इस दौरान जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अश्वनी कुमार, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी निजामुद्दीन अन्सारी, सहायक पर्यटन अधिकारी राजेश कुमार भारती, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, डी0सी0 मनरेगा रवीन्द्र वीर सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## दूरसंचार क्रांति के जनक व भारत रत्न राजीव गांधी जी की जयंती मनाई गई

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर। जिले के मौदहा कस्बे के मोहल्ला हुसैनगंज नगर अध्यक्ष अहमद हसन के कार्यालय पर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री दूरसंचार क्रांति के जनक व भारत रत्न श्री राजीव गांधी जी की जयंती मनाई गई, इस अवसर पर नगर अध्यक्ष ने कहा कि आज हम जो घर बैठे पूरे संसार में बात करने का ख्वाब देखा करते थे उसको राजीव जी ने सच कर दिखाया और शफकत उल्ला राजू उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य ने कहा कि बुंदेलखंड जिसको बाहरी लोग बीहड़ के नाम से जानते थे उसी बुंदेलखंड का विकास राजीव गांधी जी ने किया और अंत में विवेक चंद युवा जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारत देश में आजादी के बाद देश के पास कोई आधुनिक सुविधा नहीं थी राजीव गांधी जी ने देश को आधुनिक सुविधा का लाभ दिया हैं जिनको भारतवासी भूल नहीं सकता है इस अवसर पर डॉक्टर शाहिद अली मोहम्मद यूसुफ मुन्ना बॉर्डर मोहम्मद जाकिर अनंत लाल साहू राकेश विश्वकर्मा फहीमुद्दीन हबीब खान इस्लामुद्दीन सभासद पूर्व नगर अध्यक्ष रिजवान मास्टर शाहिद मसूद अजय सविता छोटू रशीद अलाउद्दीन सोहेल हसनैन मेवा लाला साहू अमर सिंह वरुण राज अंकुश गुप्ता सहित दर्जनों कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## म्योरपुर पुलिस द्वारा फरार चल रहे 08 वारण्टी अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में जनपद के वाँछित/वारण्टी/पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी दुद्धी के पर्यवेक्षण/नेतृत्व में आज दिनांक 20.08.2025 को थाना म्योरपुर पुलिस द्वारा फरार चल रहे 08 नफर वारण्टी अभियुक्तगण को मा0 न्यायालय द्वारा निर्गत वारण्ट के क्रम में गिरफ्तार अभियुक्तगण को मा0 न्यायालय भेजा गया ।

## पुलिस अधीक्षक, द्वारा प्रतिदिन की भांति जनता दर्शन में आए फरियादियों की सुनी गई समस्याएं

### प्राप्त जन शिकायतों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश।

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र ।दिनांक 20.08.2025 को पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों के शीघ्र, गुणवत्तापूर्ण एवं निष्पक्ष निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक महोदय ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई व महिला हेल्पडेस्क को अधिक प्रभावशाली और संवेदनशील बनाया जाए, ताकि आमजन को बार-बार पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न पड़े तथा उनकी समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही हो सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन शिकायतों का निस्तारण थाना स्तर पर संभव है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निष्पादित किया जाए। इसी क्रम में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण एवं थाना प्रभारियों द्वारा भी अपने-अपने कार्यालयों/थानों पर जनसुनवाई करते हुए आमजन से प्राप्त शिकायतों का त्वरित व प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे पुलिस व जनता के मध्य विश्वास और सहयोग की भावना और अधिक सुदृढ़ हो सके।


अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।


सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# अली फजल की नई वेब सीरीज राख का ऐलान

**नई दिल्ली।** अली फजल न केवल फिल्मी दुनिया, बल्कि ओटीटी पर भी कब्जा कर रहे हैं। उन्होंने कई वेब सीरीज में अपनी बेहतरीन अदाकारी से दर्शकों का दिल जीता है। अब वह फिर से नई वेब सीरीज लेकर आ रहे हैं जिसकी अनाउंसमेंट भी हो गई है। ओटीटी की नई वेब सीरीज में अली फजल पुलिस ऑफिसर की भूमिका निभाने वाले हैं। सीरीज की कहानी थ्रिल और सस्पेंस से भरी होने वाली है जो अपराध और न्याय के इर्द-गिर्द घूमेगी। एंडेमोलशाइन इंडिया और गुलबदन टॉकीज के बैनर तले बनी सीरीज एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर होगी। इस वेब सीरीज का नाम राख है। इस सीरीज का निर्देशन प्रोसित रॉय कर रहे हैं।

लाइफ Style



# हुमा

## खुद कहानियां बनाने का किया फैसला

बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी ने हाल ही में निर्माता बनने के फैसले को लेकर कई खुलासे किए। साथ ही उन्होंने बताया कि आखिर वह निर्माता क्यों बनना चाहती हैं। हुमा कुरैशी और उनके भाई साकिब सलीम जल्द ही अपनी पहली प्रोडक्शन फिल्म 'बेबी डू डाई डू' रिलीज करने वाली हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

अभिनय के अलावा, दोनों ने अब निर्माता बनने का फैसला किया है, ताकि वे अच्छी कहानियों को खुद चुन सकें और उन्हें दर्शकों तक पहुंचा सकें। हुमा का कहना है कि अभिनेत्री के तौर पर उन्हें हमेशा दूसरों के चुने हुए रोल पर निर्भर रहना पड़ता था। इससे उनमें निराशा थी, क्योंकि वे और भी बहुत कुछ कर सकती थीं। इसीलिए, उन्होंने और साकिब ने खुद कहानियां बनाने का फैसला किया। उनकी पहली प्रोडक्शन फिल्म जल्द रिलीज होगी और इसके बाद हुमा एक इन्वेस्टिगेटिव फिल्म 'बयान' में नजर आएंगी। 39 साल की हुमा ने अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीता है। इस लिस्ट में गैंग्स ऑफ वासेपुर, डेढ़ इश्किया और जॉली एलएलबी 2 जैसी फिल्में शामिल हैं। अब वह नई और अच्छी कहानियां लाना चाहती हैं। वे कहती हैं कि उन्होंने और साकिब ने दूसरों के मौके का इंतजार करने के बजाय खुद मौके बनाने का फैसला किया। वे अपने प्रोडक्शन हाउस को ऐसा बनाना चाहती हैं, जहां नए चेहरों को मौका मिले और काम का माहौल बेहतर हो। हुमा का कहना है कि वे दूसरों की गलतियों को नहीं दोहराएंगी। भविष्य में वे बड़ी फिल्में बनाना चाहेंगी, लेकिन नए टैलेंट को मौका देने की कीमत पर नहीं।

हॉलीवुड मसाला



# 25 फिल्मों के बाद भी कम नहीं हुआ क्रेज


**नई दिल्ली।** जेम्स बॉन्ड एक फिक्शनल जासूस कैरेक्टर है, जिसे ब्रिटिश राइटर इयान फ्लेमिंग ने 1953 में बनाया था। पहली फिल्म से मशहूर होने के बाद जेम्स बॉन्ड पर 25 फिल्में बन चुकी हैं। लेकिन, अभी भी दर्शकों के साथ-साथ फिल्म मेकर्स का इस कैरेक्टर को लेकर क्रेज खत्म नहीं हो रहा है। बॉन्ड फिल्में अपने साउंडट्रैक समेत कई बेहतरीन चीजों के लिए जाना जाता है। इसके थीम सॉन्ग्स को कई बार ऑस्कर में नॉमिनेश और तीन बार अवॉर्ड भी मिले। ज्यादातर फिल्मों में बॉन्ड की कारें, उनकी बंदूकें और बॉन्ड गर्ल्स को काफी पसंद किया गया है।





# डर के बाद पहली बार पहुंचे यशराज स्टूडियो

**मुंबई।** सनी देओल और यशराज फिल्म्स ने साल 1993 में बॉलीवुड को ब्लॉकस्टर फिल्म 'डर' दी थी। लेकिन, इसके बाद उसने फिर दोबारो कभी यश चोपड़ा और आदित्य चोपड़ा के साथ काम नहीं किया। कथित तौर पर सनी देओल का सेट पर वाईआरएफ से झगड़ा हुआ था। लेकिन, अब 30 साल बाद अचानक सनी को आदित्य चोपड़ा के स्टूडियो के बाहर देखा गया। कयास लगने शुरू हो गए कि शायद तीन दशक पुरानी रार अब खत्म हो गई है। चर्चा यह भी शुरू हुई कि क्या 30 साल बाद यह जोड़ी फिर से किसी नई फिल्म की तैयारी में है! सनी देओल यकीनन वाईआरएफ के स्टूडियो पहुंचे थे। लेकिन, यह किसी फिल्म के लिए मुलाकात नहीं थी। असल में एक्टर वहां संगीतकार मिथुन से मिलने गए थे, जिन्हें उन्होंने अपनी अगली फिल्म के लिए साइन किया है।



# कांतारा चैप्टर-1 में गुलशन बनेंगे कुलशेखर

**मुंबई।** कांतारा चैप्टर 1 की रिलीज में जहां अब डेढ़ महीने का वक्त बचा है, वहीं मेकर्स ने मंगलवार को फिल्म की कास्ट से गुलशन देवैया का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज किया है। वह फिल्म में कुलशेखर के किरदार में नजर आएंगे। कांतारा चैप्टर 1 ऋषभ शेट्टी की साल 2022 में रिलीज ब्लॉकबस्टर फिल्म 'कांतारा' का प्रीक्वल है। यह वह फिल्म है, जिसने कन्नड़ सिनेमा को नई ऊंचाइयां दीं। महज 16 करोड़ के बजट में बनी और देश में 309.64 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया है। यही नहीं, ऋषभ शेट्टी को इसके लिए नेशनल अवॉर्ड भी मिला। 'कांतारा' की रहस्यमयी दुनिया में गुलशन देवैया के किरदार की पहली झलक अपने आप में उत्सुकता को बढ़ाने वाली है। पोस्टर में गुलशन का किरदार शाही अंदाज में सिंहासन पर विराजमान है।

# बैटमैन की आ चुकी हैं 18 मूवीज 10 एक्टर्स बने सुपरहीरो

**नई दिल्ली।** डीसी फिल्म्स ने सुपरहीरो मूवीज की शुरुआत की और सुपरमैन के बाद सबसे हिट फ्रेंचाइजी बैटमैन थी। बैटमैन की 18 मूवीज आ चुकी हैं। 10 एक्टर्स सुपरहीरो बने। बैटमैन पहली बार बड़े पर्दे पर 1943 में पहुंचा था। इसका निर्माण कोलंबिया पिक्चर्स ने किया था। यूं तो यह सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, लेकिन यह एपिसोडिक थी। इसके कुल 15 चैप्टर सिनेमाघरों में रिलीज हुए थो जो हफ्ते में एक बार आते थे। उस वक्त बैटमैन का किरदार लैम्बर्ट हिलियर ने निभाया था और उन्होंने अपने किरदार में जान फूंक दी थी। यह सीरीज इतनी हिट हुई थी कि इसे कोलंबिया पिक्चर्स ने 1954 और 1962 में री-रिलीज किया था। बैटमैन डीसी कॉमिक्स का एक फिक्शनल कैरेक्टर है। इसका असली नाम ब्रूस वेन है जो बहुत अमीर है और गौथम शहर में रहता है।

टीवी मसाला



# बिंजोला परिवार के आने से गोकुलधाम में बढ़ेगी रौनक

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में जब भूतनी वाला ट्रैक जोड़ा गया तो यह तीन हफ्ते लगातार टीआरपी में नंबर वन रहा, पर इसके बाद इसकी टीआरपी गिर गई। अब मेकर्स एक और ट्विस्ट लेकर आए हैं। 'तारक मेहता' की गोकुलधाम सोसाइटी में अब एक नए परिवार की एंट्री हो गई है, जो ट्विस्ट के साथ कॉमेडी का जायका और बढ़ाएगी। इस परिवार के आने से अब शो में न सिर्फ नए किरदारों की एंट्री हुई है, बल्कि दर्शकों को नई कहानी और नया फ्लेवर देखने को मिलेगा। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में धरती भट्ट, कुलदीप गौर, अक्षान सहरावत और माही भद्रा की नई एंट्री हुई है। कुलदीप गौर शो में रतन बिंजोला नाम के साड़ी बेचने वाले दुकानदार का रोल निभाएंगे, जो जयपुर का रहने वाला है। धरती भट्ट, रतन बिंजोला की पत्नी रूपा के रोल में नजर आएंगी। रूपा एक हाउसवाइफ ही नहीं, बल्कि कंटेंट क्रिएटर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर भी है। वहीं, अक्षान सहरावत और माही दोनों रतन और रूपा के बच्चों का किरदार निभाएंगे। 'तारक मेहता' में अभी तक टप्पू सेना की थी, जिसने अपनी मासूमियत और शरारतों से गोकुलधाम के निवासियों का ही नहीं, बल्कि दर्शकों भी दिल जीत लिया था। अब टप्पू सेना के अलावा सोसाइटी में दो नए बच्चे आए हैं, जो दर्शकों का दिल जीतने के लिए कमर कस चुके हैं।


## केबीसी में दिहाड़ी मजदूर के बेटे ने जीते 25 लाख

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 के लेटेस्ट एपिसोड में हॉट सीट पर गुजरात के दिहाड़ी मजदूर के बेटे संजय देगामा बैठे। अमिताभ बच्चन ने 'फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट' राउंड करवाया, जिसमें संजय देगामा के अलावा




स्नेहा ज्वारे को 'जल्दी 5' राउंड खेलने के लिए चुना गया। इसमें संजय देगामा जीते और उन्होंने हॉट सीट पर बैठने का मौका मिला। संजय देगामा ने 25 लाख रुपए जीते, पर 50 लाख रुपए के लिए पूछे गए सवाल का जवाब नहीं दे सके। अमिताभ बच्चन ने संजय से जो सवाल पूछा था, वह था: साल 1973 में हैंस एन्गर्ट को हराकर कौन से भारतीय विंबलडन के दूसरे दौर में पहुंचे थे? इसके चार विकल्प दिए गए थे- ए) चिरादीप मुखर्जी, बी) गौरव मिश्रा, सी) जयदीप मुखर्जी और डी) नंदन बाल। संजय देगामा को इसका जवाब मालूम नहीं था, इसलिए उन्होंने गेम छोड़ने का फैसला किया। हालांकि, क्विट करने के बाद उन्होंने 50 लाख के सवाल का जवाब दिया। उन्होंने ऑप्शन बी) गौरव मिश्रा चुना, जो गलत जवाब था। सही जवाब ऑप्शन ए) चिरादीप मुखर्जी था।

# शोले: एक फिल्म जिसने रचे कई कीर्तिमान



डॉ.वशिष्ठ.एम.सी

दशकों से भारतीय दर्शकों का पसंदीदा रही फिल्म ''शोले'' इस साल 50 साल की हो जाएगी। 15 अगस्त, 1975 को यह फिल्म रिलीज़ हुई थी। बॉलीवुड के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित हुई इस फिल्म के लेखक सलीम-जावेद थे, निर्माता जी. पी. सिप्पी थे और निर्देशक रमेश सिप्पी थे। मुख्य भूमिकाएँ संजीव कुमार, हेमा मालिनी, धर्मेंद्र, अमिताभ बच्चन, जयाभादुरी, अमजद खान, असरानी और अन्य कलाकारों ने निभाई थीं। शोले का मूल विषय अच्छाई और बुराई के बीच की लड़ाई है। फ़िल्म की कहानी एक सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी (संजीव कुमार) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो कुख्यात डाकू गब्बर सिंह (अमजद खान) को पकड़ने के लिए दो अपराधियों, वीरू (धर्मेंद्र) और जय (अमिताभ बच्चन) को काम पर रखता है। इसके अलावा, हेमा मालिनी और जया भादुड़ी ने बसंती और राधा की भूमिकाएँ निभाई हैं, जो वीरू और जय की प्रेमिकाएँ हैं। आर. डी. बर्मन ने संगीत दिया है।दो हीरो होने के बावजूद, अमिताभ बच्चन को इस फिल्म से फायदा हुआ। परिणामस्वरूप वे सुपरस्टार बन गए। शोले के बाद अमिताभ बच्चन ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा; उनका स्टारडम बढ़ता गया और उनकी फिल्में व्यावसायिक रूप से अधिक सफल होती गईं। संक्षेप में शोले ने अमिताभ को एक अखिल भारतीय सुपरस्टार बना दिया। ''एंग्री यंग मैन'' के उनके चित्रण को भारत में व्यापक रूप से अपनाया गया। राजेश खन्ना के युग से लेकर अमिताभ बच्चन के युग तक, बॉलीवुड में रोमांटिकतावाद से एक्शन और हिंसा की ओर एक उल्लेखनीय बदलाव आया। यह फिल्म 15 अगस्त, 1975 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर और भारत में आंतरिक आपातकाल के दौरान रिलीज़ हुई थी। शोले के प्रिंट 70 मिमी और 35 मिमी में उपलब्ध थे। इस फिल्म ने भारतीय सिनेमा को एक नया खलनायक दिया, अमजद खान, जिन्होंने गब्बर सिंह की भूमिका निभाई। अमजद खान की गब्बर, गब्बर सिंह गुज्जर का एक काल्पनिक संस्करण है, जो एक वास्तविक डाकू था जिसने 1950 के दशक में ग्वालियर के आस-पास के गाँवों में आतंक मचा रखा था। आनंद बख्शी द्वारा लिखित, आर.डी. बर्मन द्वारा संगीतबद्ध और किशोर कुमार व मन्ना डे द्वारा गाए गए इस फ़िल्म के एक प्रसिद्ध गीत 'ये दोस्ती' को सर्वश्रेष्ठ दोस्ती गीत कहा जाता है। 'महबूबा महबूबा' को इसके संगीतकार आर.डी. बर्मन ने गाया था, जिन्हें उनके अभिनय के लिए पार्श्व गायन के एकमात्र फ़िल्मफ़ेयर पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया था। फ़िल्मों के संवाद जैसे 'कितने आदमी थे, 'जो डर गया, समझो मर गया', और 'बहुत याराना लगता है' आदि भारत में लोकप्रिय हो गए हैं। लोग इन और अन्य सामान्य बोलचाल की भाषाओं का प्रयोग अपनी रोज़मर्रा की बातचीत में करने लगे हैं। हर तरह से, इस फिल्म ने सामान्य रूप से भारतीय सिनेमा और विशेष रूप से बॉलीवुड के लिए एक मानक स्थापित किया। शोले को अभी भी एक ऐसी फिल्म के रूप में माना जाता है जिसने दूसरों के लिए मार्ग प्रशस्त किया, भले ही भारतीय सिनेमा ने तब से काफी प्रगति की है। ब्रिटिश फिल्म इंस्टीट्यूट द्वारा 2002 के एक सर्वेक्षण में शोले को अब तक की शीर्ष 10 भारतीय फिल्मों में स्थान दिया गया था। शोले की अर्ध शताब्दी वर्षगांठ के अवसर पर, यह फिल्म एक नई पीढ़ी को रोमांचित करने के लिए - पचास वर्षों के अंतराल के बाद - फिर से सिनेमाघरों में आ रही है।




## किरदार, संवाद और दोस्ती बनी भारत की सामूहिक याद

जब संवाद, पात्र और दृश्य लोकप्रिय लोककथाओं का हिस्सा बन जाते हैं, राष्ट्रीय स्मृति के ताने-बाने में समा जाते हैं और पीढ़ी दर पीढ़ी चलते रहते हैं, तब सिनेमा का जादू महसूस होता है। 'शोले' ऐसी ही फिल्म है, और इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपने फिल्म देखी है या नहीं। इस फिल्म को रिलीज हुए 50 साल हो गए हैं। यह एक 'कल्ट क्लासिक' बन चुकी है जिसे आज भी लोग देखते हैं और जिसका जिक्र लगभग हर मौके पर किया जाता है। और फिर, बैठक में देर से आने वाला कोई व्यक्ति जब कहता है, 'इतना सन्नाटा क्यों है भाई' तो सभी मुस्कुरा उठते हैं. जुड़ाव तुरंत हो जाता है। इस फिल्म से सभी अच्छी तरह वाकिफ हैं। रमेश सिप्पी की यह उत्कृष्ट कृति, जिसमें हास्य और रोमांस, मारधाड़ और त्रासदी का मिश्रण था, 15 अगस्त, 1975 को रिलीज हुई थी और इसकी अवधि तीन घंटे से ज्यादा थी। शुरुआत में इसे दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया नहीं मिली, लेकिन बाद के हफ्तों में इसका जादू छा गया। यही वह समय था जब 70 मिमी के परदे पर इतिहास रचा जा रहा था। संजीव कुमार, धर्मेंद्र, अमिताभ बच्चन, हेमामालिनी, जया बच्चन और 'गब्बर सिंह' का किरदार निभाने वाले अमजद खान समेत सभी कलाकारों ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। लेकिन ठाकुर, जय, वीरू, बसंती और गब्बर ही ऐसे कलाकार नहीं हैं जो समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं। एक-दो दृश्यों में मौजूद कई चरित्र कलाकारों को भी याद किया जाता है. कुछ को उनके संवादों के लिए याद किया जाता है। ए.के. हंगल द्वारा निभाया गया वृद्ध व अंधा पिता, जो इस बात से अनजान है कि उसका बेटा मारा गया है और वह पूछ रहा है कि लोग इतने शांत क्यों हैं या मैकमोहन, जो सांबा के रूप में प्रसिद्ध हुए और बस एक संवाद 'पूरे पचास हजार' बोला। मौसी, सूरमा भोपाली, 'अंग्रेजों के जमाने के जेलर', कालिया याद हैं। ये फिल्म के कई किरदारों में से कुछ हैं, जो दर्शकों को हंसी से लेकर, डर तक महसूस कराते हैं। हर किरदार अपने आप में नायाब है। सलीम-जावेद की प्रसिद्ध पटकथा लेखक जोड़ी के एक सदस्य जावेद अख्तर ने कहा, 'ये (संवाद) भारतीय संस्कृति और आम बोलचाल का हिस्सा बन गए हैं। 50 साल पहले बनी एक फिल्म और आज तक इसके संवाद स्टैंड-अप कॉमेडी में इस्तेमाल किए जाते हैं। इसके संदर्भ दूसरी फिल्मों में भी इस्तेमाल किए जाते हैं और भाषा में भी, यहां तक कि राजनीतिक भाषणों और अन्य जगहों पर भी 'सलीम खान के साथ मिलकर इस फिल्म की पटकथा लिखने वाले अख्तर ने कहा कि फिल्म का कैनवास ऐसा था कि यह कालातीत हो गई। अख्तर ने कहा, 'इसमें सभी मानवीय भावनाओं का मिश्रण था। इसके लिए कोई सचेत प्रयास नहीं किया गया। यह बस हो गया।' फिल्म विद्वान, इतिहासकार और 'क्यूरेटर' अमृत गंगर के अनुसार, "यह ऐसी बेहतरीन फिल्म है जिसमें सब चीजें थीं। भोजन की ऐसी थाली जिसमें कई व्यंजन होते हैं।" उनके विचार से, जनता की कल्पना पर इस तरह का प्रभाव डालने वाली एकमात्र अन्य फिल्म 'मुगल-ए-आजम' है। उन्होंने कहा, ''शोले' बिना किसी भव्यता के जादू करती है, लेकिन इसमें शब्दों की ताकत है।'' 'मुगल-ए-आजम' एक ऐतिहासिक प्रेमकथा है, जबकि 'शोले' आजादी के बाद के ग्रामीण भारत की पृष्ठभूमि पर आधारित है। महिला किरदारों से फिल्म में चार चांद लग जाता है, चाहे वो बड़बोली व तांगा चलाने वाली बसंती (हेमामालिनी) हो या खामोश विधवा राधा (जया बच्चन), बसंती और वीरू के बीच के चुलबुले रोमांस को जय और सफेद साड़ी पहनने वाली विधवा के बीच के अनकहे प्यार के साथ खूबसूरती से पेश किया गया है और दोनों ही आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। प्रतिशोधी ठाकुर (संजीव कुमार) एक ईमानदार और प्रगतिशील व्यक्ति है जो चाहता है कि उसकी बहू को फिर से प्यार मिले। सलीम-जावेद न सिर्फ समय के साथ चलने की कोशिश कर रहे थे, बल्कि उससे आगे भी थे। उनकी कल्पना ने हिंदी सिनेमा के सबसे चर्चित खलनायक को जन्म दिया। गब्बर सिंह, बिना किसी पृष्ठभूमि वाले डाकू ने ख़तरनाक शब्द को नयी परिभाषा दी। उनके कई संवाद बार-बार दोहराये जा चुके हैं- 'कितने आदमी थे', 'जो डर गया, समझो मर गया', 'पचास, पचास कोस...'फिल्म इतिहासकार, लेखक और अभिलेख विशेषज्ञ एस एम एम औसजा ने कहा कि 'शोले' उन दुर्लभ घटनाओं में से एक है, जब फिल्म के हर विभाग ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, 'यह एक अनोखा मामला है जहां सब कुछ सही जगह और सही समय पर हुआ।